

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 2 जुलाई 2025

संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 7 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 298 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ आतंक के लालगढ़ में लहराने लगा तिरंगा

मैं गिरी, फिर उठी,आहत हुई,लेकिन जिंदा हूं, मलाइका अरोड़ा... ◀◀ 6




## गिरिडीह में ट्रक-कार में भीषण भिड़ंत तीन की मौत, एक ही परिवार के थे सभी

**संवाददाता**

**गिरिडीह:** जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना बेंगाबाद थाना इलाके के दामोदरडीह के पास की है। मृतकों में छोटू तुरी ( 50 वर्ष ), राजन तुरी ( 25 वर्ष ) एवं लीलो तुरी ( 45 वर्ष ) शामिल है। जबकि घायलों में संगीता देवी और रानी देवी शामिल है। मृतक और घायल जमुआ थाना इलाके के जारंगडीह के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

बताया जाता है कि लीलो तुरी आषाढी पूजा में शामिल होने अपनी बहन के घर महुआर आया था। पूजा के बाद देर रात लगभग 2 बजे सभी एक स्विफ्ट कार पर सवार होकर वापस जा रहे थे। जो जानकारी मिली है कि इसी क्रम में दामोदरडीह स्थित मोछू लायन होटल के पास ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना के बाद ट्रक का तीन टायर ब्लास्ट कर गया। घटना के बाद ट्रक को लेकर ड्राइवर फरार हो गया और आगे एक पेट्रोल पंप के पास वाहन को खड़ा कर दिया।

**पुलिस ने शव को किया जब्त, ड्राइवर भी गिरफ्तार :** इधर, मामले की सूचना बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को मिली। सूचना मिलते ही थानेदार दल बल के साथ पहुंचे। कार में बुरी तरह से जख्मी संगीता देवी और रीना देवी समेत पांच को सदर अस्पताल भेजा गया, जिसमें चिकित्सक ने छोटू तुरी ( 50 वर्ष ), राजन तुरी ( 25 वर्ष ) एवं लीलो तुरी ( 45 वर्ष ) को मृत घोषित कर दिया। जबकि संगीता और रीना का इलाज चल रहा है।

बेंगाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि गिरिडीह-देवघर पथ पर सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल है। उन्होंने बताया कि कार ने पीछे से ट्रक में टक्कर मारी है, जिसमें तीन की मौत हुई है। ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, मृतक के परिचित भीमलाल तुरी का कहना है कि ट्रक ने ही पीछे से टक्कर मारी है। घटना में मरे सभी गोतिया है। जबकि मृतक छोटू तुरी और राजन तुरी पिता-पुत्र थे।

## 5 देशों की कूटनीतिक यात्रा पर निकले पीएम मोदी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 2 जुलाई 2025 को पांच देशों के बहुपक्षीय और द्विपक्षीय यात्रा पर रवाना हुए। इस महत्वपूर्ण दौरे की शुरूआत अफ्रीकी देश घाना से हुई, जहां वे 2 से 3 जुलाई तक रुकेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की तीन दशकों में पहली घाना यात्रा है, जो भारत और घाना के बीच आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा सहयोग को नई दिशा देने की उम्मीद के साथ की जा रही है।

**घाना में ऐतिहासिक यात्रा :** पीएम मोदी की घाना यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति नाना अकुफो-एड्डो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जिसमें व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग और वैश्विक मंचों पर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस यात्रा के माध्यम से भारत अफ्रीकी देशों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

**त्रिनिदाद एवं टोबैगो जाएंगे पीएम मोदी :** 3 और 4 जुलाई को प्रधानमंत्री त्रिनिदाद और टोबैगो का दौरा करेंगे। भारतवंशी समुदाय की बड़ी आबादी वाला यह देश भारत के लिए सांस्कृतिक रूप से विशेष महत्व रखता है। पीएम मोदी की यह यात्रा 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी, जो भारतीय प्रवासी समुदाय से गहरे जुड़ाव को दशार्ती है।

**अर्जेंटीना में रणनीतिक साझेदारी की दिशा में कदम :** 4 और 5 जुलाई को पीएम मोदी अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में रहेंगे। इस यात्रा के दौरान कृषि, रक्षा, खनिज, तेल और गैस जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर द्विपक्षीय चर्चा होगी। अर्जेंटीना में निवेश और व्यापार को लेकर भी कई अहम समझौतों की उम्मीद की जा रही है।

**ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगें पीएम मोदी :** ब्राजील में पीएम मोदी ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में वैश्विक अर्थव्यवस्था, डिजिटल समावेशन, सतत विकास और वैश्विक दक्षिण के हितों की रक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा, भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए इफ्क्कउर जैसे मंचों को बेहद महत्वपूर्ण मानता है।

## अज्ञात युवक की पत्थर से कूचकर हत्या, रातू में फेंकी मिली बॉडी

**रांची :** राजधानी रांची के सटे इलाके रातू थाना क्षेत्र से पुलिस को एक अज्ञात युवक की बॉडी मिली है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की पत्थर से कूचकर हत्या की गई है। डेड बॉडी का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसके चलते मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं की गई है। पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आईसीएमआर-एम्स की रिपोर्ट में खुलासा

## कोविड वैक्सीन और अचानक मौतों के बीच नहीं है कोई सीधा संबंध




**नई दिल्ली :** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

**कर्नाटक के सीएम के बयान पर सरकार की सफाई :** दरअसल कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 'अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

**सरकार ने कहा- अचानक मौत होने के कई कारण :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की है और जांच में पाया गया है कि इनका कोरोना वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं हैं। आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।

आईसीएमआर और एनसीडीसी ने 18 से 45 साल के लोगों के बीच अध्ययन किया। यह अध्ययन मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 47 क्षेत्रीय अस्पतालों और 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया। इस अध्ययन में उन लोगों की जांच की गई जो अक्तूबर 2021 से लेकर मार्च 2023 के बीच अचानक मौत का शिकार हुए। अध्ययन में पता चला कि इन अचानक मौतों का कोरोना वैक्सीन से संबंध नहीं है। अब एम्स द्वारा भी ऐसा ही एक अध्ययन किया जा रहा है, जिसकी फंडिंग आईसीएमआर द्वारा की गई है। अध्ययन में पाया गया है कि जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अभी अध्ययन चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। सरकार ने चेताया कि जो दावे किए जा रहे हैं।

## रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर बनकर तैयार, नितिन गडकरी कल करेंगे उद्घाटन



**संवाददाता**

**रांची :** जाम से जूझ रहे रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर बनकर तैयार है। 3 जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के मौके पर ओटीसी मैदान में एक सभा भी होगी, जिसे केंद्रीय मंत्री संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर एनएचएआई को केंद्रीय मंत्रालय से अनुमति पत्र प्राप्त हो चुका है। इस दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, एनएचएआई के अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहेंगे। कचहरी चौक से ओटीसी मैदान तक 4।1 किमी लंबे इस कॉरिडोर है, जिससे 45 मिनट का सफर महज 4 मिनट में तय किया जा सकेगा।

उद्घाटन को लेकर ओटीसी मैदान में सभा के लिए विशाल हैंगर तैयार किया जा रहा है। मंच और सभा स्थल के निर्माण में दिन-रात कर्मी जुटे हुए हैं। उद्घाटन से पहले कॉरिडोर से जुड़े सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के कामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**400 करोड़ की लागत, 101 पिलरों पर खड़ा :** करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बने इस कॉरिडोर का निर्माण अक्टूबर 2022 में शुरू हुआ था और महज ढाई वर्षों में यह तैयार हो गया। 4.1 किमी लंबे इस कॉरिडोर में 101 पिलर और 102 स्लैब लगाए गए हैं। इसमें मुख्य ब्रिज की लंबाई 3.6 किलोमीटर और पिस्का मोड़ से इटकी रोड तक 600 मीटर लंबा रैंप शामिल है। पंडरा रोड में अप और डाउन दोनों रैंप बनाए गए हैं, जबकि इटकी रोड में केवल डाउन रैंप की व्यवस्था है। कॉरिडोर के नीचे घास, सजावटी पौधे लगाए गए हैं, जिन्हें सुरक्षा देने के लिए लोहे की ग्रिल से घेरा गया है। रंगाई-पुताई से यह इलाका और भी सुंदर दिखाई देगा।

**मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन से होगी विशेष सफाई :** रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने मंगलवार को निगम पदाधिकारियों के साथ बैठक में केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रातू रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे कार्यक्रम स्थल व मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही दो पालियों में सफाई व मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का उपयोग करने को कहा। इसके अलावा मार्ग में सभी खराब स्ट्रीट लाईट्स को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

**समारोह के दिन ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था सख्त :** रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर के उद्घाटन पर उपायुक्त ने सभी व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। समारोह के दौरान रातू रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का सुगम संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और यातायात विभाग को निर्देश दिए हैं। भीड़ प्रबंधन, वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था और वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध करने को कहा गया है। उपायुक्त ने समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोजकों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने को कहा है। समारोह स्थल पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश उपायुक्त ने दिया है।



## क्वाड मंत्रियों ने पहलगाम के आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की

**वाशिंगटन :** आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए निंदनीय हमले के जिम्मेदार लोगों को तुरंत सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी अपील की कि संबंधित देश इस मामले में जांच कर रही एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करें। मंगलवार को अपनी बैठक के बाद एक साझा बयान में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा, हम इस निंदनीय हमले के अपराधियों, योजनाकारों और फंड देने वालों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग करते हैं। साथ ही, हम सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से अपील करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संबंधित प्रस्तावों के तहत इस मामले में जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करें।

बयान में कहा गया, क्वाड देश सीमा पार आतंकवाद समेत हर तरह के आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया ने भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख लोकतांत्रिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए इस साल दूसरी बार मंत्री स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा, हम 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए।

बयान में हमले के दोषियों को सजा दिलाने की अपील की गई। हालांकि किसी देश का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया। लेकिन यह साफ था कि इशारा किस ओर है, क्योंकि यह हमला 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने किया था, जो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक संगठन है और जिसे पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त है। मंत्रियों की बैठक से पहले जयशंकर ने कहा, भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने नागरिकों की रक्षा करने का पूरा हक है और हम इस अधिकार का इस्तेमाल जरूर करेंगे।

## भारत 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत हाल ही में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और इस क्रम में 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर अर्थव्यवस्था को लेकर तीसरे पायदान पर आने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ग्यारहवीं से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



केंद्रीय मंत्री पुरी ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, हमारी जीडीपी दोगुनी से भी अधिक हो गई है, जो कि 2014 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।

केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के दौरान देश की मजबूती और साहसिक नीति सुधारों, व्यापक सामाजिक कल्याण योजनाओं और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि प्रमुख सामाजिक पहलों के तहत 27 करोड़ से अधिक नागरिकों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है और जल जीवन मिशन के माध्यम से 15.4 करोड़ ग्रामीण परिवार पानी की सुविधा पा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, आयुष्मान भारत ने 5 लाख रुपए के बीमा लाभ के साथ 70 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को स्वास्थ्य कवरेज का विस्तार किया है, जो समावेशी विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

उन्होंने वैश्विक निवेश को आकर्षित करने में भारत की सफलता पर जोर दिया, जिसमें 2014 और 2025 के बीच 748 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ, जो पिछले दशक की तुलना में 143 प्रतिशत की वृद्धि है।

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा, दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाएं, माल और सेवा कर, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और 25,000 से अधिक अनुपालन और 1,400 अप्रचलित कानूनों को समाप्त करने सहित नीति सुधार में मील के पत्थर ने देश के व्यापार परिदृश्य को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि कर प्रशासन में परिवर्तन भारत की विकसित होती वित्तीय संस्कृति को रेखांकित करता है। दाखिल किए गए वार्षिक आयकर रिटर्न वित्त वर्ष 2013-14 में 3.6 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 8.5 करोड़ हो गए, जिनमें से 95 प्रतिशत 30 दिनों के भीतर प्रोसेस किए गए।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, प्रत्येक रिटर्न, एकत्र किए गए कर का प्रत्येक रुपया, ठोस लाभ में तब्दील होता है, जिसमें माताओं के लिए एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए दवाइयां, ग्रामीण घरों के लिए बिजली, बुजुर्गों के लिए पेंशन और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर शामिल हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## दो किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**चतरा :** सदर थाना पुलिस ने दो किलो दो सौ ग्राम अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में सदर थाना क्षेत्र के पटेर गांव निवासी आदित्य यादव, राजगुरुवा गांव निवासी श्रवण यादव तथा शहर के दीवानखाना मोहल्ला निवासी महमूद हसन का नाम शामिल है। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बरैनी रोड़ से कुछ अफीम तस्कर अफीम लेकर जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम में सदर थाना प्रभारी व सशत्र बल के जवान शामिल थे। गठित टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर उपरोक्त तीनों तस्करों को दो किलो दो सौ ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। स्थानीय बाजार में बरामद अफीम का अनुमानित मूल्य लगभग एक लाख रुपए बताया जाता है।

## राजपुर थाना में शांति समिति की बैठक

**चतरा :** मोहर्रम पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ मनोज कुमार गोप व संचालन थाना प्रभारी संदीप कुमार ने किया। बैठक में कान्हाचट्टी बीडीओ सुनील प्रकाश व प्रखण्ड प्रमुख इंदु देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में सीओ व थाना प्रभारी ने प्रखंड के सभी अखाड़ों की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद इन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को सरकार द्वारा जारी किए गए गाइड लाइनो को बताया और इसे अनुपालन करने की बात कही। सीओ मनोज कुमार ने डीजे साउंड की जगह ढोल ताशा बजाने की बात कही। साथ व्हाट्सएप पर गलत न्यूज देने से परहेज करने को कहा। कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।जबकि थाना प्रभारी संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मोहर्रम का पर्व गम का पर्व है यह पर्व हसन व हुसैन की यादगार में मनाया जाता है। इसलिए पर्व को शांति से मनाए। जो लोग कानून को हाथ में लेंगे व शांति भंग करेंगे उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस के दौरान अप्रिय वारदात से निपटने के लिए पुलिस टीम सादे लिबास में भ्रमणशील रहेगी।

## आम उत्सव बागवानी मेला का हुआ आयोजन, कई किसान पहुंचे

**गिद्धौर (चतरा) :** प्रखंड परिसर सभागार में मंगलवार को आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया।मेला में अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा,बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लगाया गया।यह मेला मनरेगा योजना के बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाया गया।मेला में गांगपुर गांव से साजमा खातून,इचाक से पिंटू सिंह,द्वारी से जितेंद्र गुप्ता, बारियातु से सुरेश यादव,नयायखाप से इंद्रदेव और गिद्धौर से मुकेश दांगी शामिल है।इस दौरान बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न गांवों में बंजर भूमि में आम बागवानी लगाकर लोग आत्मनिर्भर बन रहे है।लोगों का आर्थिक स्थिति मजबूत हो रहा है।मनरेगा योजना अंतर्गत विभिन्न गांवों में प्रत्येक वर्ष आम बागवानी लगाया जा रहा है।आम बागवानी के आम से आम उत्सव सह बागवानी मेला लगाया गया है।मेला में मुखिया निर्मला देवी,जगदीश यादव,डेगन गंझु,पंचायत सचिव उज्वल सिंह,रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी,प्रदीप कुमार,सतेंद्र कुमार वर्मा,पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## दस्त रोकथाम अभियान शुरू

**रांची :** रांची जिला में एक जुलाई से 14 अगस्त तक दस्त रोकथाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय में किया गया ' कार्यालय मे सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार,डीटीओ डॉ एस बास्की, डीपीएम प्रवीण कुमार, डीपीसी प्रीति चौधरी चौधरी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया की चाइल्डहुड डायरिया एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है तकरीबन सभी अंडर -5 मृत्यु में 4.8% मृत्यु चाइल्डहुड डायरिया के कारण होती है। इसमें से ज्यादातर मृत्यु को समय पर पहचान तथा डिहाइड्रेशन को समय पर प्रबंधन करके रोका जा सकता है । जब भी बच्चों को डायरिया हो तो उन्हें ओआरएस एवं जिंक सप्लीमेंट के साथ पर्याप्त पोषण दिया जाना चाहिए ताकि वे जल्दी स्वस्थ हो सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यकता अनुसार ओआरएस एवं जिंक की गोली सहिया के माध्यम से घर-घर जाकर दी जाएगी। दस्त के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में ओरआरएस एवं जिंक कॉर्नर की स्थापना की गई है जहां से लोग निशुल्क इसे ले सकते हैं।

## उद्घाटन समारोह के दिन ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था सख्त रखें : डीसी

**रांची :** रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर के उद्घाटन पर उपायुक्त ने सभी व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। समारोह के दौरान रातू रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का सुगम संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और यातायात विभाग को निर्देश दिए हैं। भीड़ प्रबंधन, वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था और वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध करने को कहा गया है। उपायुक्त ने समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोजकों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने को कहा है। समारोह स्थल पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश उपायुक्त ने दिया है।

## आदिवासियों की सबसे ज्यादा विरोधी कांग्रेस पार्टी रही है : प्रतुल शाह देव

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पार्टी पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम नेता वर्तमान में आदिवासियों के हितों के लिए आंसू बहाने का नाटक कर रहे हैं। जबकि इनका इतिहास आदिवासियों पर अत्याचार से भरा हुआ है। प्रतुल ने कहा कि सरायकेला खरसावां गोली कांड में हजारों आदिवासियों को गोली मार दिया गया था। गुआ गोली कांड में झारखंड आंदोलनकरियों को थाने के हाजत से बाहर निकालकर गोली मार दी गई थी। दोनों समय कांग्रेस की ही सरकार प्रदेश में थी। मामले को रफा दफा कर दिया गया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड आंदोलन की सबसे बड़ी विरोधी कांग्रेस पार्टी ही रही थी। आंदोलनकारी पर जुल्म ढाया गया था। कांग्रेस ने आजादी के बाद से इस मांग को लंबे समय तक लटका कर रखा। आवश्यकता पड़ने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को खरीद भी लिया लेकिन अलग राज्य नहीं दिया था। देश की प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस ने वोट किया था : प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब देश को पहली बार एक आदिवासी राष्ट्रपति मिलने वाली थी तो कांग्रेस ने पूरे देश में द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोटिंग की थी। कांग्रेस ने अपने अधिकांश सहयोगी दलों से भी द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोट दिलाया था।

# नक्सली संगठन टीएसपीसी का पूर्व सदस्य मारपीट के मामले में गिरफ्तार

### 315 बोर का दो देशी रायफल बरामद

संवाददाता

201

**चतरा :** जिले की टंडवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव के धनेश्वर साव के साथ हथियार के बल पर मारपीट के मामले में नक्सली संगठन टीएसपीसी के एक सदस्य सीकेंद्र राम उर्फ जगदीश राम को गिरफ्तार किया है। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बीते 30 जून को टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह के रहनेवाले धनेश्वर साव के साथ नक्सली संगठन टीएसपीसी के पूर्व एरिया कमांडर कबीर गंझू और सीकेंद्र राम के द्वारा मिश्रौल गांव के खिखिर कोड़ा टोला में मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। स्थानीय



थाना में शिकायत के पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम ने थाना क्षेत्र के मिश्रौल गांव के खिखिर कोड़ा टोला स्थित घर में छापामारी कर कांड के एक प्राथमिक अभियुक्त सीकेंद्र राम उर्फ जगदीश राम को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार पूर्व नक्सली,टीएसपीसी संगठन के पूर्व एरिया कमांडर कबीर गंझू की टीम का सदस्य रहा है। गिरफ्तारी के पश्चात उसकी निशानदेही पर घटनास्थल स्थित एक झाड़ी से 3.15 बोर का रायफल और 3.15 बोर का एक देशी रायफल का टूटा हुआ लकड़ी का बट एवं बॉडी, एरिया कमांडर कबीर गंझू के घर से घटना में प्रयुक्त ग्लैमर मोटरसाइकिल और एक रेडमी कंपनी का स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर पूर्व से महिला थाना, चतरा में हत्या का एक मामला दर्ज है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूर्व एरिया कमांडर की गिरफ्तारी के लिए छापामारी चल रही है। कहा कि,अभीतक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मारपीट की यह घटना आपसी रंजिश है या नक्सली घटना। अभी इसकी जांच की जा रही है। आपको बताते चलें कि मारपीट के मामले में थाना कांड संख्या 121/25 और धारा 127 (2)/115(2)/306(2)/352/351(2)/351(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 17(1)(2) सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मात्र आठ शिक्षकों के सहारे हंटरगंज के आरएनआर प्लस टू हाई स्कूल के तेरह सौ विद्यार्थी

### आखिर कैसे होगी एनईपी की गुणवत्ता शिक्षा पूर्ण

संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रामनारायण राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल में क्लास नाइन से लेकर टूवेल्थ तक की पढ़ाई निरंतर जारी है।जगह बदली,भवन बदला शिक्षक बदले लेकिन अब भी स्कूल में बहुत कुछ कमी है।योग्य एवं कर्मठ शिक्षक हैं लेकिन छात्र एवं छात्राओं में पहले जैसा पढ़ने की रुचि नहीं देखी जा रही है।इस बाबत स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अनूप कुमार ने कहा कि इसी व्यस्था में उच्च कोटि की पढ़ाई देने के लिए निरंतर प्रयासरत हूं।छात्रों की उपस्थित को लेकर गार्जियन मिट का आयोजन लगातार किया जा रहा है।अभी नाइन और इलेवंथ का नामांकन जारी है।एडमिशन स्टॉप होते ही इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा ताकि बच्चे योग्य एवं कर्मठ शिक्षकों से उच्च कोटि के शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र एवं राष्ट्र की सेवा में अपनी महती भूमिका निभा सके।उन्होंने अध्यनरत स्टूडेंट्स के अभिभावकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल




भेजें और स्कूल से सीधा संपर्क स्थापित कर स्कूल के बुनियादी शिक्षा को और बेहतर बनाने में सहयोग करने की बात दोहराई है।उन्होंने यह भी कहा है कि प्रभार मिलते ही स्कूल को सुसज्जित और पठन पाठन के दिशा में कई अहम और महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।इस दिशा में और भी बेहतर कदम उठाए जाने का मंसूबा है।गार्जियन और स्टूडेंट्स के सहयोग की अपेक्षा है।उन्होंने आगे कहा कि स्कूल का बाउंड्री वाल नहीं होने से स्कूल को काफी नुकसान हो रहा है।स्कूल का समय खत्म होते ही अपराधियों ने सीसीटीवी कैमरा को तोड़ दिया है। शाम होते ही स्कूल परिसर शराबियों का अड्डा बन जाता है। रोज आए दिन स्कूल खोलते समय शराब का बोतल उठा कर फेंकना पड़ता है।इस दिशा में सक्षम पदाधिकारियों को लगातार सूचित किया जा रहा है।

क्लास नाइन और टेन में लगभग एक हजार छात्र हैं जबकि इंटरमीडिएट में तेरह सौ छात्र छात्राएं नामांकित हैं।इस स्कूल में लगभग 2300 छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। क्लास नाइन और टेन के विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए 13 योग्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कार्यरत हैं।वहीं इंटरमीडिएट के लिए कुल आठ शिक्षकों के भरोसे तेरह सौ विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी है।इंटरमीडिएट में गणित अंग्रेजी और भौतिकी के शिक्षक नहीं है जो चिंता का विषय है।तेईस सौ विद्यार्थियों के लिए दो कंप्यूटर ऑपरेटर और दो लैबिटेकनेशियन हैं।लाइब्रेरी तो सुसज्जित है और पठन पाठन की पुरी सुविधा है।आधुनिक तरीके से लाइब्रेरी को सुसज्जित किया गया है।क्यू आर कोड से किताबों की जानकारी प्राप्त कर अपने मनपसंद किताबों की पढ़ने की पूरी व्यवस्था है।लाइब्रेरियन नहीं होने के कारण हिंदी साहित्य के शिक्षक विनय कुमार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए लाइब्रेरी की जिम्मेदारी भी आधुनिक तरीके से बखूबी निभा रहे हैं।वहीं करोड़ों के लगत से बने स्कूल भवन को सुरक्षित रखने के लिए कोई नाइट गाईड नहीं है।सफाई कर्मी नहीं है एक प्यून के भरोसे पूरा स्कूली सिस्टम है।ऐसे में नई शिक्षा नीति की अहर्ता रखने के बावजूद बहुत कमी देखा गया।जिसे अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कुछ भी कहना मुश्किल है।

## पासवा ने गोल और फिटजी संस्थानों के ऊपर मामला दर्ज कराया

**रांची :** प्राइवेट अकादमी स्कूल और वेलफेयर एसोसिएशन यानि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने जीओएएल इंस्टीट्यूट के निदेशक बिपिन कुमार सिंह के खिलाफ फजीर्वाड़ा, धोखाधड़ी और बच्चों को नन स्कूलिंग कराने के आरोप में डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके साथ ही फिटजी इंस्टीट्यूट के खिलाफ भी एक प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मामले पर आलोक दूबे ने बताया कि जीओएएल इंस्टीट्यूट और फिटजी संस्थान दोनों ही संस्थान झारखंड में छात्रों से लाखों-करोड़ों रुपये लेकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फिटजी इंस्टीट्यूट ने जनवरी 2025 में झारखंड के छात्रों से बड़ी रकम लेकर संस्थान बंद कर दिया था और फिर रांची के डोरंडा और लालपुर में अपने कोचिंग सेंटर खोलकर छात्रों से दोबारा रुपए ले रहा है और उगाही कर रहा है।

**डोरंडा थाना में हुआ मामला दर्ज :** डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका कुमार ने आवेदन स्वीकार कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि जीओएएल और फिटजी दोनों ही संस्थान लालपुर में स्थित हैं, इसलिए जल्द ही लालपुर थाना में भी प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। आलोक दूबे ने कहा- जब तक झारखंड में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए नियमावली नहीं बनाई जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्य सचिव अलका तिवारी से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई की मांग करेगा। आलोक दूबे ने राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों से अपील की है कि वे नन स्कूलिंग कराने की गैर-कानूनी गतिविधियों को बंद करें, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे।

## अव्वल मोहल्ला मेन रोड की सड़क जर्जर, जाम से लोग परेशान

**चतरा :** शहर के अव्वल मोहल्ला मेन रोड की स्थिति जर्जर हो गई है,खासकर बारिश में इसकी स्थिति बद से बदतर हो गई है।इस बदहाल सड़क पर ना तो जिला प्रशासन के किसी अधिकारियों का ध्यान जा रहा है और ना ही किसी जनप्रतिनिधियों का। यही कारण है कि रोज कोई ना कोई दुर्घटना इस सड़क पर हो रही है। मंगलवार को एक टेंट हाउस का टेंपो काली मंदिर के पास बने गड्ढे में गिर गया। इसके कारण टेंपो पर लोड सभी बांस बल्ली व खूंटा डंडा सड़क पर ही बिखर गया। इसके कारण इस सड़क पर एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व भी काली मंदिर के पास एक यात्री टोटो गड्ढे में गिर गया था। जिससे टोटो पर सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। यदि समय रहते इस जर्जर सड़क को नहीं बनाया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

## 5 जुलाई तक अंग्रेजी शराब दुकान रहेगी बंद

**गिद्धौर (चतरा) :** प्रखंड मुख्यालय मुख्य चौक समीप संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव,अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने मंगलवार को शील कर दिया।इस दौरान अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा एवं सामग्रियों का भौतिक सत्यापन कर हैंड ओवर तथा टेक ओवर से संबंधित के द्वारा करवाई कर अंग्रेजी शराब दुकान को शील कर दिया गया है।वहीं बताया गया कि अंग्रेजी शराब दुकान का संचालन बीते 30 जून तक होना था।शराब दुकान का संचालन 5 जुलाई तक बंद रहेगा।मौके पर सीआई प्रमोद कुमार सिंहा समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

# सतत विकास लक्ष्य को लेकर मुख्य सचिव ने यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा की

**रांची:** सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के लक्ष्य को 2030 तक पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार ने गंभीरता से पहल कर दी है. इसके तहत मंगलवार 1 जुलाई को सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर यूनिसेफ (वठक्ळएत्र) के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की. इस दौरान उन्होंने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ सदैव समन्वय बनाने पर जोर देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों को लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं.

उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है. इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं. इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया.

**पोषण से जुड़ी समस्याओं पर भी फोकस करने पर जोर :** मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में




यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करें और यह देखें कि सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर और तालमेल के साथ काम किया जा सकता है. योजनाओं की निगरानी और उसके परिणाम पर फोकस करने पर भी जोर दिया. उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक क्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें.

उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो. मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर भी ध्यान देने को कहा. उन्होंने हाथों की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्रों में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें।

**संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2030 तक सतत विकास के लिए रखा है मापदंड :** संयुक्त राष्ट्र के 2030 तक झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों के सतत विकास के लिए मापदंड निर्धारित किए गए हैं इसके तहत निर्धारित 17 विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य है. झारखंड में सस्टेनेबल डेवलपमेंट यानी सतत विकास के लिए, राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है. जिसका उद्देश्य गरीबी, भुखमरी और लैंगिक असमानता को कम करना है। इसके साथ ही स्वच्छ ऊर्जा, बेहतर स्वास्थ्य, उन्नत शिक्षा और जल एवं स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं. ऐसे में यूनिसेफ और राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग रूप से किए जा रहे काम के बीच समन्वय बनाने और आंकड़ों में एकरूपता लाने पर जोर दिया जा रहा है।

## लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना होगा : डॉ बैद्यनाथ

**सिल्ली :** डॉ बैद्यनाथ पहचान का मोहताज नहीं है उनके परिवार में तीन-तीन डॉक्टर है उनका कहना है अगर आप अपना करियर में आगे बढ़ना चाहते है तो अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें.बताते चले कि डॉक्टर बैद्यनाथ कुमार एम, ए बंगला.बी एड,पी.एच.डी, डी.लीड, मारवाड़ी कॉलेज रांची बंगला प्रधानाध्यापक है और इग्नू स्टडी सेंटर के समन्वयक भी है. इग्नू ने जून 2024 सत्र पहली बार एम.ए भगवदीता का पाठ्यक्रम लॉन्च किया है. डॉक्टर कुमार सह परिवार पत्नी जो राजनीति शास्त्र में एम.ए है, सुपुत्री डॉक्टर विदिशा जो एक डेंटिस्ट है और मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ से एम ए की है. सुपुत्र सोमनाथ कुमार जो कि आईआईटी मद्रास से गणित में एमएससी है और आज उन लोगों की परीक्षा का अंतिम दिन है उनका परीक्षा में सम्मिलित होना समाज के लिए एक अच्छा संदेश और उदाहरण भी है. इग्नू के साथ समन्वयक के रूप में डॉक्टर कुमार प्रमोशनल मीटिंग में यह बातें सुनकर गर्व महसूस करते हैं. आज उन लोगों के अंतिम परीक्षा के दिन 32 सीजीएल में उपस्थित होकर डॉक्टर कुमार को सह परिवार धन्यवाद दिया और समाज के हर वर्ग को अपना-अपना करियर के लिए आगे आने में उत्साहित किया. डॉ कुमार सह परिवार अपने प्रयास में सफल हो यही कामना के साथ कुमार परिवार को धन्यवाद दिया।

### डीसी ने समाहरणालय ब्लॉक-ए में स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण, कहा

# प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी और जन-उन्मुख हो

**संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय, विशिष्ट अनुभाजन कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, भू-अर्जन कार्यालय, तथा जिला कल्याण कार्यालय, स्थापना कार्यालय, जिला नीलाम पत्र कार्यालय, अपर जिला दंडाधिकारी विधि- व्यवस्था कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह एवं जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य-निष्पादन की स्थिति, और परिसर की साफ-सफाई का गहन अवलोकन करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित



और नागरिकों के लिए सुगम बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए

उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने समस्त कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए पहचान पत्र (आईकार्ड) अनिवार्य रूप से धारण करने का निर्देश दिया। यह कदम कार्यालयीन अनुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश :** उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को कार्यालयों में कार्यकुशलता बढ़ाने, लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाने, और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ उन्होंने जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है, और इसके लिए सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना होगा।

**प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी और जन-उन्मुख हो :** उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि समाहरणालय परिसर में स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से निगरानी की जाए। उन्होंने कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया, ताकि रांची जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी और जन-उन्मुख हो सके।

## संतों का हर वचन जीवन दर्शन : आरएन सिंह

**रांची :** संत वह है, जो सदैव सत्य का आचरण करता है, आत्मज्ञानी होता है और जिनका जीवन पवित्र और धार्मिक होता है। संत का शाब्दिक अर्थ 'सत्य' है, जिसने सांसारिक इच्छाओं और मोह-माया का त्याग कर दिया और ईश्वर भक्ति में लीन हो गया, वही सही मायने में संत है। संतों का हर वचन एक जीवन दर्शन होता है।

उक्त बातें एचई सी आवासीय परिसर स्थित बी-277, सेक्टर तीन, धुर्वा निवासी धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता रविन्द्र नाथ सिंह (आरएन सिंह) ने मंगलवार को अपने प्रवचन (संदेश) में कही।

उन्होंने कहा कि संत हमें यह सिखलाते हैं कि जीवन सिर्फ भौतिकता तक ही सीमित नहीं है, वह कर्मों में विश्वास रखते हुए भक्ति को आवश्यक मानते हैं। उनके प्रवचन हमें संतुलित जीवन की प्रेरणा देते हैं। संतों की वाणी हमें नियमित साधना, ध्यान, योग और संयमित जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा देती है। इससे जीवन में अनुशासन आता है और हम स्वयं के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। उन्होंने कहा कि संत वह व्यक्ति है जो सत्य का आचरण करता है, आत्मज्ञानी होता है और जिसका जीवन पवित्र व धार्मिक होता है। संत का शाब्दिक अर्थ 'सत्य' से लिया गया है। जिसका अर्थ है सत्य को आदि से अंत तक जानने वाला सन्यासी या त्यागी पुरुष।

संत वही है, जिसने सांसारिक इच्छाओं और मोह-माया का त्याग कर दिया हो और ईश्वर भक्ति में लीन हो गया हो।

उन्होंने कहा कि संत हमेशा सत्य बोलता है और सत्य का पालन करता है।

संत हमेशा ईश्वर के प्रति समर्पित होते हैं और ईश्वर भक्ति में ही लेने रहते हैं। संत हमें सही मार्ग दिखाते हैं।

हिंदू धर्म में संत कबीर दास, संत तुलसीदास, संत रविदास जैसे महान व्यक्ति संत के रूप में माने जाते हैं। वहीं, सिख धर्म में गुरु नानक देव जी को भी एक महान संत माना गया है। संत वह व्यक्ति है जो सत्य, ज्ञान और भक्ति के



मार्ग पर चलकर ईश्वर के करीब जाता है और दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनता है।

श्री सिंह ने बताया कि संत हमेशा मानवता की बातें करते हैं। धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर। उनके प्रवचन समाज में समरसता, एकता और भाईचारे की भावना को संप्रेषित करते हैं। संतों का प्रवचन न सिर्फ हमें ज्ञान देता है, बल्कि आत्मा को भी जागृत करता है। संतों का हर वचन जीवन का मार्गदर्शन बन सकता है, यदि हम नियमित रूप से संतों का सत्संग करें, उनके वचनों को मन से ग्रहण करें और अपने जीवन में उतारें तो हम न सिर्फ एक बेहतर इंसान बन सकते हैं, बल्कि समाज को भी एक नई दिशा देने में सफल हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जहां संतों की वाणी गूंजती है, वहां पर शांति और आनंद स्वयं आते हैं। सदियों से संतों का समाज में विशेष महत्व रहा है। संत आध्यात्मिक ज्ञान के संवाहक, सदाचार के शिक्षक और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। संतों का प्रवचन हमें नैतिक मूल्य और सही निर्णय लेने की समझ देता है। संतों के वचन में ऐसा आत्मिक प्रभाव होता है, जो हमारे अंदर छिपे नकारात्मक भाव को समाप्त करता है। उनकी सीख हमें विनम्र बनाती है और हमें स्वयं को पहचानने का अवसर देती है। संत हमारे समाज को सेवा, परोपकार, दया और सहिष्णुता की प्रेरणा देते हैं। उनके विचारों को सुनकर व्यक्ति में अच्छे संस्कार बनते हैं। जिससे समाज में सकारात्मकता का प्रसार होता है।

## झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष कर्नाटक दौरे पर





**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम इन दोनों कर्नाटक के दौरे पर हैं। उन्होंने कर्नाटक के अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सहित कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी शिवकुमार से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता पेश कर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं पर बातचीत की। साथ ही कर्नाटक में अल्पसंख्यक आयोग के लिए जो योजनाएं सरकार द्वारा दी गई है उसकी जानकारी ली। साथ ही साथ उपमुख्यमंत्री डी शिवकुमार से कर्नाटक के अल्पसंख्यक समुदाय को दी जाने वाली सुविधाओं पर भी जानकारी हासिल की उन्होंने कहा कि कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग वहां के अल्पसंख्यकों के विकास के लिए तत्पर है झारखंड में भी अल्पसंख्यक आयोग अपनी जिम्मेदारी को बहुत ही बेहतर ढंग से निभा रही है । कर्नाटक सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के विकास के लिए जो काम किया जा रहे है। उसकी उन्होंने जमकर तारीफ की ज्ञात होकर शमशेर आलम कर्नाटक के दौरे पर सिर्फ अल्पसंख्यकों के विकास उनके सामाजिक शैक्षणिक आर्थिक रूप से कैसे विकास हो इस पर चर्चा करने के लिए कर्नाटक पहुंचे हैं। उन्होंने कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री को झारखंड आने के लिए निमंत्रण भी दिया उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने जल्द ही झारखंड आने की बात कही है। शमशेर आलम ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री दी शिव कुमार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का भी विस्तृत जानकारी दी।

## प्रांतीय अधिवेशन छह को, रांची से बड़ी संख्या में सदस्य लेंगे भाग तैयारियां जोरों पर

**रांची :** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में 6 जुलाई को राजविलास रिजॉर्ट धनबाद में आयोजित नवम झारखंड प्रांतीय अधिवेशन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि 6 जुलाई दिन रविवार को गोविंदपुर, धनबाद के राजविलास रिजॉर्ट में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल पदभार ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से केंद्रीय न्याय एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित राष्ट्रीय स्तर के कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। रांची से 50 से भी अधिक सदस्यगण प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेने धनबाद जाएंगे। प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।उक्त जानकारी देते हुए जिला के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक मे सुरेश चंद्र अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, विनोद जैन, मनोज चौधरी,पवन कुमार पोद्दार, अनिल अग्रवाल,कौशल राजगढ़िया, निर्भय शंकर हरित, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, कमलेश संचेती,निर्मल बुधिया, नरेश बंका, विजय कुमार खोवाल,विकास अग्रवाल,अजय खेतान, सुनील पोद्दार, प्रमोद बगड़िया, मनीष लोधा, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## अर्पिता महिला मंडल ने स्वच्छता पखवाड़ा पर दिया संदेश

**रांची :** अर्पिता महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष प्रीति सिंह के कुशल नेतृत्व और निदेशकगणों के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जवाहर नगर कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें क्लब परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी में कार्यरत श्रमिकों को सम्मानपूर्वक उपयोगी सामग्री वितरित की गई, जिनमें 30 छाते, 30 स्टील की पानी की बोतलें, 30 पीने के पानी की बोतलें तथा पौष्टिक भोजन के पैकेट शामिल थे।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**सैनिक कल्याण निदेशालय,**

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के विज्ञापन स्पेस के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना**

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक व्यक्तियों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के विज्ञापन स्पेस (Advertisement Space) (3240 वर्गफीट) के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है।
2. निविदा/विहित आवेदन प्रपत्र (Prescribed Tender/Application Form) में अन्य आवश्यक शर्तों का विवरण दिया गया है जो कि इस कार्यालय से **1000/–** रूपये (एक हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (DD) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता हैं। डिमांड ड्राफ्ट "Jawan Bhawan Fund, Sainik Kalyan Nideshalaya, Ranchi" के नाम से होगा। कोई भी कार्य दिवस में 10 बजे पूर्वाहन् से 05 बजे अपराहन् **10 जुलाई 2025** तक प्राप्त कर सकते है।
3. **आवेदन प्रपत्र 18 जुलाई 2025 पाँच बजे अपराहन् तक टेंडर बॉक्स में जमा करना है**। प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा **21 जुलाई 2025** को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह– सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान
भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची

दिनांक :–30 जुन 2025
स्थान :– राँची

PR.NO.356274 Home(25-26):D

## 160 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 160 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। नासे रोग हरे सब पीड़ा जपत निरंतर हनुमत बीरा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मनोज अग्रवाल व सुनीता अग्रवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मनोज अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, मनोज अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, उपमंत्री अनिल नारनौली, हर्ष कुमार, कृष्णा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## पेंशन दरबार सह सेवानिवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

**रांची :** उपायुक्तमंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मंगलवार को पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सेवानिवृत हुए कुल 07 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। जानकारी हो की जिला का यह कार्यक्रम जिसमें सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए। सेवा निवृत्ति होने वाले शिक्षकों में शबनम सबा, इंदु कुजूर, सुकरा उरांव, आभा मिंज, शकील अहमद, विजय कुमार एक्का, अनिल कुमार लाल शामिल हैं। उपायुक्त ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों से कहा की सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी जीवन में एक नए स्टेज में जा रहे है। आप सभी को शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से ढेर सारी शुभकामनाऐं। साथ ही उन्होंने कहा की आज सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। साथ उन्होंने सभी सेवानिवृत शिक्षकों से विशेष रूप से कहा की शिक्षकों को प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम करने तथा अपने आप को व्यस्त रखे। उपायुक्त महोदय ने इसके साथ सभी सेवानिवृत शिक्षकों को अपने निवास स्थान के आसपास के विद्यालयों में जाकर कक्षाएं लेना तथा जन चेतना केंद्र में जाकर व्यस्क अशिक्षितों को पढाने के लिए भी प्रेरित किया।

# जनता दरबार के माध्यम से मिला विकलांग पेंशन

### खुशी में युवक ने उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को भेंट किया

**संवाददाता**

**रांची :** दस माइल तुपूदाना के रहने वाले छोटू महली... विकलांग हैं... आज जब वो समाहरणालय की सीढ़िया चढ़ रहे थे तो चेहरे पर मुस्कान थी और हाथों में फूलों का गुच्छा... उन्होंने उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद दिया। दरअसल छोटू महली कई बार विकलांग पेंशन के लिए आवेदन समर्पित कर चुके थे, काम नहीं हुआ तो उन्होंने उपायुक्त के जनता दरबार में फरियाद लगायी थी। पेंशन स्वीकृत भी हुई और बैंक खाते में दो महीने की पेंशन राशि भी आ गयी। खुश छोटू महली ने समाहरणालय की सुसज्जा के लिए पौधे भी भेंट स्वरुप दिये। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से बात करते हुए छोटू ने आवास दिलाने की भी फरियाद की। उपायुक्त द्वारा आश्वासन दिया गया कि उसे योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

जनता दरबार में कांके अंचल के कामता मौजा में एक ही जमीन की रसीद दो व्यक्तियों के नाम से निर्गत किये जाने का मामला आया। आवेदक द्वारा बताया गया कि खाता नंबर-4, प्लॉट नंबर- 112 एवं 81, रकबा-75 डिसिमल का निबंधन उनके नाम से है और 2025-26 तक ऑनलाइन रसीद भी निर्गत है और अब भू-माफिया की मिलीभगत से पंजी-2 में छेड़छाड़ करते हुए किसी और के नाम से ऑनलाइन रसीद निर्गत कर दी गयी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया गया।

**गैरमजरुआ जमीन की मापी करेगी जिलास्तरीय टीम :** कांके अंचल अंतर्गत मौजा-रेण्डो में गैर मजरुआ जमीन में भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने की शिकायत की गयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा गैरमजरुआ जमीन की जिलास्तरीय टीम द्वारा मापी कर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। जिलास्तरीय टीम में जिलास्तरीय पदाधिकारी, अमीन, संबंधित सीओ, सीआई और कर्मचारी होंगे। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जनता दरबार में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये गये। बीएनएस की धाराओं के तहत सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर 3-10 साल तक की सजा का प्रावधान है।

**म्यूटेशन नहीं होने की शिकायत :** कांके के शाहिद आलम द्वारा म्यूटेशन लंबित रहने की शिकायत की गयी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जनता दरबार के दौरान की आवेदन की ऑनलाइन स्थिति की जांच करवाई गयी और प्रभारी सीओ को जांच करते हुए यथाशीघ्र आवेदन के निष्पादन का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में चान्हो के सपारोम के कई ग्रामीण स्कूल दूर हो जाने के कारण पठन-पाठन बाधित होने की शिकायत को लेकर जनता दरबार आये। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पूरी जानकारी लेते हुए समस्या के समाधान का निर्देश दिया गया।

**सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादियों को प्राथमिकता :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जनता दरबार में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादियों को प्राथमिकता देते हुए उनकी शिकायत पहले सुनी गयी। जनता दरबार में राजस्व, पेंशन, प्रमाण-पत्र, स्थानांतरण, भूमि पर अवैध कब्जा एवं बिक्री आदि से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान के निर्देश दिये गये। लोगों की समस्या सुनने साथ-साथ उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने बुजुर्ग एवं महिलाओं से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गयी।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



फोटो– आशिष कुमार



फोटो– सुगी कुमारी



फोटो– सोनम कुमारी

बड़कागांव थाना कांड सं0–140/25, दि0–03.06.2025, धारा–137(2)/143(2) बी0एन0एस0 के आलोक में लापता – (1) आशिष कुमार (2) सुगी कुमारीएवं (3) सोनम कुमारी तीनों पिता शीतल मांझी, सा0–ओरेना, थाना+जिला–नावादा (बिहार) वर्तमान पता– H.M.T ईंट भट्ठा सोहादी पतरा, थाना–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग दिनांक–18.05.2025 समय लगभग–सुबह 10:00 बजे तीनों एक साथ निकले थे, जो शाम तक वापस नहीं पहुंचने पर अज्ञात अपराधी के द्वारा अपरहण कर लेने के आरोप में काण्ड अंकित किया गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलिया:– (1) आशिश कुमार–उम्र–08 वर्ष, रंग–सांवला, बाल–काला, लम्बाई–3 फीट, पहनावा–पीला रंग का टी–शर्ट, पीला हाफ पैंट पहना है। (2) सुगी कुमारी–उम्र–17 वर्ष, मुँह–गोल, रंग–सांवला, बाल–काला, लम्बाई–5 फीट, पहनावा–लाल रंग का सलवार सुट पहनी है। (3) सोनम कुमारी–उम्र–12 वर्ष, मुँह–गोल,रंग–सांवला, बाल–काला, लम्बाई–4 फीट, पहनावा–काला रंग का जीन्स, टी–शर्ट पहनी है।

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–
अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430336100
थाना प्रभारी बड़कागांव, हजारीबाग :– 9431706313, 8210710802

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 356286 Police (25-26)_D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## हिंदी पर यू-टर्न, महाराष्ट्र सरकार ने खींचे हाथ

लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद आखिरकार महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर अपने कदम पीछे खींच लिए। प्रदेश की राजनीति में यह मुद्दा जिस तरह से गरमाता जा रहा था, उसे देखते हुए सरकार के पास कोई और विकल्प भी नहीं रह गया था। विपक्ष का हथियारः फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा को इस सचाई से अलग करके देखना मुश्किल है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। याद किया जा सकता है कि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरूआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से इखढ के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। मुंबई और महाराष्ट्र की बदलती डेमोग्राफी ने भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना को लचीला रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पुरानी आक्रामकता जारी रखते हुए राज ठाकरे की पार्टी धीरे-धीरे कमजोर ही होती गई। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात भी अपना असर दिखा रहा था। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9% और मराठीभाषियों की 42.9% थी जो 2011 में क्रमशः 30.2% और 41% हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76% से 73.4% पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3% से बढ़कर 9.5% हो गया। घिर गई सरकारः मतदाताओं का बदलता स्वरूप राजनीति में अघोषित तौर पर जो बदलाव ला रहा था, उसे अचानक ही कथित तौर पर हिंदी लादने के इस फैसले ने मानो अप्रासंगिक कर दिया। न केवल उद्धव और राज ठाकरे इस सवाल पर आक्रामक रूप में सामने आए और कांग्रेस व ठउढ (शरद पवार) उनके साथ खड़ी रहीं बल्कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी खुलकर इस फैसले का विरोध कर दिया। एकनाथ शिंदे भी इसके पक्ष में नहीं थे। जाहिर है, सरकार इस मुद्दे पर घिर गई थी। ऐसे में उसे इस मुश्किल से निकलने का रास्ता फैसले को वापस लेने में ही दिखा।

## बिहार में चलाई गई मुहिम चुनाव आयोग की विश्वसनीयता के संकट को बढ़ाएगी

पहले से ही विवादों से घिरे चुनाव आयोग ने एक और विवाद खड़ा कर दिया है। उसने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (विशेष गहन पुनर्निरीक्षण) शुरू किया है। यह काम 25 जुलाई 2025 तक होना है। यानी 25 दिनों में ह्यसब कुछ बदल डालूंगाह्न की तर्ज पर वह पूरी मतदाता सूची को बदल डालेगा।आयोग की इस अप्रत्याशित सक्रियता से बिहार की विपक्षी पार्टियों और मतदाताओं के बीच खलबली मचना स्वाभाविक है। बीते फरवरी में ही मतदाता सूची संशोधित हुई है और चुनाव आयोग के कहे अनुसार राजनीतिक पार्टियों ने बूथ लेवल एजेंटो की नियुक्ति भी कर दी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन एजेंटो की संख्या डेढ लाख से ऊपर है। आयोग ने राजनीतिक पार्टियों से कहा था कि वे चाहें तो और एजेंटों की नियुक्ति भी कर लें। यानी बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारी चल रही थी कि आयोग में ह्यसूची बदल डालूंगाह्न का जोश उमड़ आया। गहन पुनर्निरीक्षण को इतने कम समय में करने का वादा किया गया है कि उससे आयोग के अपने तर्कों का भी खंडन होता है। अपनी क्षमता की दुहाई देकर वह एक या दो चरणों में होने वाले चुनाव कई चरणों में कराता है और अब बिहार की करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों की सूची को महज 25 दिनों में पूरी तरह बदल लेगा। इसी दौरान सभी मतदाताओं के फॉर्म और दस्तावेज उसके पास जमा हो जाएंगे और उनकी जांच भी कर ली जाएगी। यह सब करके वह एक सितंबर को नई संशोधित सूची जारी कर देगा। ध्यान रहे, बिहार के करीब 3 करोड़ लोग देश के दूसरे हिस्सों में काम करते हैं। क्या फॉर्म के साथ जमा होने वाले दस्तावेज सबके पास हैं? क्या वे इतने कम दिनों में इकट्ठा कर सकते हैं? यह लगभग असंभव है। आयोग ने आसानी से पहचान और आवास के सहज ही उपलब्ध सबूतों को स्वीकार करने से मना कर दिया है। आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड और पैन कार्ड भी पहचान और आवास के प्रमाण नहीं होंगे।

आयोग ने मतदाताओं की पहचान और आवास के जो सबूत मांगे हैं उससे लोगों को मतदान का अधिकार मिलने के बजाय इसके छिन जाने का खतरा पैदा हो गया है। एक जुलाई 1987 के पहले जनमे मतदाताओं को यह प्रमाण देना पड़ेगा कि उनका जन्म किस तारीख को और कहां हुआ। उन दिनों बिहार के अधिकांश लोग घर में पैदा होते थे। साल 2018 के आंकड़े के अनुसार, बिहार में अभी भी 18 प्रतिशत लोगों का जन्म घर में ही होता है। स्कूली शिक्षा का प्रतिशत ऐसा है कि बिहार की जाति जनगणना के अनुसार अभी मैट्रिकुलेशन या दसवीं पार करने वालों का प्रतिशत 15 है तो उस समय तो और भी कम होगा। घर में पैदा होने वालों के पास जन्म के स्थान को प्रमाणित करने के लिए जमीन का कोई कागज चाहिए, जिसमें उसका नाम हो। बिहार में करीब एक चौथाई लोग ऐसे हैं जिनके घर मिल्कियत वाली जमीन पर नहीं हैं। इसमें ज्यादातर दलित और अति पिछड़े समाज के लोग हैं। आयोग ने एक जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच पैदा होने वालों से जन्म की तिथि और स्थान के दस्तावेज के साथ माता-पिता में से किसी एक की जन्म की तिथि और स्थान के सबूत मांगे हैं। तीसरा समूह उन लोगों का है जो 2004 के बाद जनमे हैं। उन्हें अपने साथ साथ माता-पिता के लिए भी ये दस्तावेज देने होंगे।कमजोर तबकों की मुश्किल : आयोग ने जिन अन्य दस्तावेजों को मान्य किया है, उनमें सरकारी नौकरी, पासपोर्ट के अलावा बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस, किसी सरकारी संस्थान या स्थानीय निकाय से जारी पहचानपत्र, जाति प्रमाणपत्र और मूल निवास का प्रमाणपत्र शामिल हैं। ये सारे पहचान और प्रमाण के पत्र बिहार के पढे-लिखे और संपन्न लोगों के पास ही आसानी से मिल सकते हैं। बिहार में पासपोर्टधारकों का प्रतिशत 0.2 के करीब है। सरकारी नौकरी करने वाले सिर्फ डेढ़ प्रतिशत हैं। 37 फीसदी वोटर प्रभावित : क्या आयोग की यह कवायद असम में ठफ्छ यानी नागरिकता कानून लागू करने की कवायद से अलग है? बिहार के सीमांचल इलाके के अल्पसंख्यकों पर बांग्लादेशी होने का आरोप इखढ लगाती रही है। आयोग ने अभियान के जो कारण गिनाए हैं, उनमें मतदाता सूची में अवैध अप्रवासियों के नाम शामिल होने की बात कही है। अदालत का फैसला है कि चुनाव अधिकारी को किसी की नागरिकता जांचने का अधिकार नहीं है। उसे देश में रहने वालों को मतदान का अधिकार देने या छीनने का अधिकार भर है। आयोग ने खुद माना है कि इससे 37 प्रतिशत वर्तमान मतदाता प्रभावित होंगे, जो 2003 के बाद जोड़े गए हैं। बदला चुनाव का अजेंडाः सच मानिए तो आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों का अजेंडा बदल दिया है। यह अब नागरिकता के इर्दगिर्द रहेगा। विपक्ष का आरोप है कि वह अल्पसंख्यकों और कमजोर तबके को मतदान से बाहर करना चाहता है। इसके खिलाफ वे आंदोलन में उतरने वाले हैं।

# आतंक के लालगढ़ में लहराने लगा तिरंगा

नरेन्द्र मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं। शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर में अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल नरेन्द्र मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं। शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर में अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरूआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है। देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आठ सूत्री समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में चार हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला ह्यऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्टह्न भी सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है। वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं। नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानी कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं मे कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए। इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए। जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म करने की दिशा मे तेजी से बढ़ रही है उम्मीद है कि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ी होगी।

(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं।)

# सीखना ही जीवन है.....

एक शिशु का इस दुनिया की अद्भुत चीजों के बारे में पता लगाने से लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति के अच्छी तरह से जीए हुए जीवन पर विचार करने तक, हर दिन हमें कुछ नया सीखने का मौका देता है। जिस क्षण हम सीखना बंद कर देते हैं, वास्तव में हम जीना बंद कर देते हैं। हर दिन कुछ नया सीखना, अपने और दुनिया के बारे में जानना और व्यक्तिगत वृद्धि के लिए निरंतर खोज करना ही जीवन को पूरा और अर्थपूर्ण बनाता है,



**अतुल मलिकराम**

जिस क्षण हम सीखना बंद कर देते हैं, वास्तव में हम जीना बंद कर देते हैंसीखना एक सुंदर यात्रा है, जो हमारे इस दुनिया में आने से शुरू होती है और तब तक जारी रहती है, जब तक हम आखिरी साँस नहीं ले लेते। एक शिशु का इस दुनिया की अद्भुत चीजों के बारे में पता लगाने से लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति के अच्छी तरह से जीए हुए जीवन पर विचार करने तक, हर दिन हमें कुछ नया सीखने का मौका देता है। जिस क्षण हम सीखना बंद कर देते हैं, वास्तव में हम जीना बंद कर देते हैं। हर दिन कुछ नया सीखना, अपने और दुनिया के बारे में जानना और व्यक्तिगत वृद्धि के लिए निरंतर खोज करना ही जीवन को पूरा और अर्थपूर्ण बनाता है, क्योंकि

जहाँ सीखने की लालसा है, वहीं प्रगति है। उस पल के बारे में एक बार विचार कीजिए, जब एक बच्चा अपना पहला कदम उठाता है और चलना सीखता है या फिर जब पहली बार वह साइकिल चलाना सीखता है; स्कूल जाता है, जहाँ वह नए दोस्त बनाता है और स्कूल तथा पढ़ाई की उलझनों को खुद ही सुलझाता है। ये अनुभव उसे कला मात्र ही नहीं सिखाते हैं, बल्कि उसके चरित्र का निर्माण भी करते हैं। ये चरित्र ही हमें आकार देते हैं, हम में सहनशीलता का निर्माण करते हैं, और अनमोल जीवन का पाठ प्रदान करते हैं। सीखना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो कभी खत्म नहीं होती; यह हर बातचीत, हर चुनौती और हर हार-जीत में जारी रहती है, जिसका हम सामना करते हैं। सीखना कभी इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आपने किस विश्वविद्यालय से डिग्री ली है या आप अपने पेशे में

कितने उच्च पद पर हैं। बिना बुनियादी शिष्टाचार और मानवता की भावना के, शैक्षणिक उपलब्धियाँ भी अपनी चमक खो देती हैं। सच्ची शिक्षा पाठ्यपुस्तकों और डिग्रियों से परे है; यह दया, सहानुभूति और दूसरों के प्रति सम्मान को समझने की आपकी क्षमता से आँकी जाती है। ये गुण एक अच्छी तरह से जीए गए जीवन की नींव हैं और अक्सर औपचारिक शिक्षा के बजाए अनुभवों से सीखे जाते हैं। अक्सर आप ऐसे लोगों से मिलते होंगे, जिनके पास डिग्रियाँ नहीं हैं, लेकिन वे अपने साथ अनुभव, बुद्धिमत्ता और प्रतिभा का भंडार लिए चलते हैं। इन लोगों ने अपने जीवन के अनुभव से यह ज्ञान प्राप्त किया है, जिसे कोई कक्षा या कोई किताबी ज्ञान प्रदान नहीं कर सकता है। उनके पाठ वास्तविक दुनिया के अनुभवों, संघर्षों, असफलताओं और

सफलताओं में निहित होते हैं। ऐसे लोगों के पास यदि आप कुछ समय भी बैठ जाएँ, तो निश्चित ही आप जीवन का कोई नया रूप जान पाएँगे। वे अपने जीवन के अनुभवों को किस्से-कहानियों के जरिए, हमें सहनशीलता, व्यावहारिक समस्या का समाधान और विनम्र व स्थिर बने रहने का महत्व सिखाते हैं। उदाहरण के लिए, हमारे दादा-दादी को हीले लें। हो सकता है कि उन्हें आज की टेक्नोलॉजी का ज्ञान न हो, लेकिन उनके जीवन की कहानियाँ धैर्य, कड़ी मेहनतऔर प्रेम के पाठों से भरी होती हैं। उनकी सलाह अक्सर गहरी समझ और चिंतन से उत्पन्न होती है, जो हमें गहन और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि दोनों प्रदान करती है। उनकी कहानियों को सुनकर और उनके अनुभवों से सीखकर, हम जोदृष्टिकोण प्राप्त करते हैं, वो हमें हमारे जीवन के हर एक कदम पर हमारा बेहतरी से मार्गदर्शन करते हैं। आज की तेजी से भागती हुई दुनिया में, जहाँ टेक्नोलॉजी लगातार विकसित हो रही है, वहीं लगातार सीखने की जरुरत भी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। प्रासंगिक और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नए कौशल और ज्ञान के साथ अपडेट रहना बहुत जरुरी हो गया है। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि जीवन के मूल्यों को सीखने का महत्व कम हो गया है। सहानुभूति, करुणा और दया भाव ये तो वे गुण हैं, जो आपको जीवन में हमेशा ही सफल बनाते हैं। इसलिए जीवन में आप कितना भी ज्ञान अर्जित कर लें, सीखना कभी बंद न करें। अपने आस-पास के लोगों और परिस्थितियों से आप जो कुछ भी सीख सकते हैं, जरुर सीखें। सीखने को कभी-भी एक बोझ या जरुरत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए; बल्कि इसे तो एक खोज के रूप में अपनाना चाहिए। प्रत्येक दिन अपने साथ सीखने के नए अवसर लेकर आता है- चाहे वह एक नया शौक हो, बातचीत से एक अलग दृष्टिकोण हो, या फिर किसी गलती से सीखा हुआ कोई पाठ ही हो। एक खुले और जिज्ञासु मन के साथ इन अवसरों को अपनाने से एक समृद्ध और अधिक अर्थपूर्ण जीवन की ओर जाया जा सकता है। सीखने की सुंदरता यह है कि इसकी कोई सीमा नहीं है। यह कक्षाओं में सीमित नहीं है या उम्र से बंधा हुआ नहीं है। आप कुछ भी, कहीं भी, कभी भी और किसी से भी सीख सकते हैं। अजनबियों के साथ की गई बातचीत से, पढ़ी गई पुस्तकों से, की गई यात्राओं से और सामना की गई चुनौतियों से, हर घटना से कुछ न कुछ सीखा जा सकता है। चिंतन के सरल पलों से लेकर जटिल निर्णयों तक हर विचार हमें कुछ सिखाता है। तो, चलिए जीवन में निरंतर सीखने की प्रतिज्ञा करते हैं। नए विचारों और अनुभवों का दिल खोलकर स्वागत करते हैं। इसके लिए विभिन्न दृष्टिकोणों की खोज के लिए उत्सुक रहें। अपनी क्षमता से परे निकलने के लिए तैयार रहें। सिर्फ किताबों और विशेषज्ञों से ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे से, हमारे अनुभवों से और हमारे चारों ओर की दुनिया से भी सीखें। याद रखें, एक बार पुनः कह रहा हूँ कि जिस दिन हम सीखना बंद कर देते हैं, उस दिन हम जीना बंद कर देते हैं। जीवन भर सीखने की यात्रा पर बने रहें, तब आपको पता चलेगा कि जीवन अधिक समृद्ध, अधिक जीवंत और अनंत है। चाहे वह एक नया कौशल हो, एक गहन दृष्टिकोण हो, या फिर जीवन के बारे में एक सरल सत्य हो, सीखा गया हर पाठ हमें अपने आप का एक बेहतर संस्करण बनने के लिए प्रेरित करता है। तो सीखते रहें, बढ़ते रहें और

अपने जीवन को पूर्णता से जीएँ।

**(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

# आषाढ़ स्कंद षष्ठी व्रत से सभी रोग होते हैं दूर

हिन्दू धर्म में आषाढ़ मास में पड़ने वाली स्कंद षष्ठी का बहुत महत्व है। स्कंद षष्ठी को षष्ठी व्रत और कुमार षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है, यह भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की पूजा का विशेष दिन होता है। हर महीने शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती के छठे पुत्र कार्तिकेय की पूजा की जाती है। स्कन्द षष्ठी के दिन खासतौर पर भगवान कार्तिकेय की पूजा करने के साथ-साथ व्रत भी रखा जाता है। स्कंद षष्ठी का व्रत हर माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को रखा जाता है। इस व्रत में भगवान कार्तिकेय की पूजा करते हैं। भगवान स्कंद की पूजा करने से सभी प्रकार के रोग, दोष, काम, क्रोध, मद, लोभ आदि मिट जाते हैं। इस बार स्कंद षष्ठी के दिन रवि योग बन रहा है। इसमें सूर्य का प्रभाव अधिक होता है, जिसमें सभी प्रकार के दोष नष्ट हो जाते हैं। भगवान कार्तिकेय को स्कंद, कुमार, सुब्रह्मण्य, मुरुगन आदि नामों से भी पुकारा जाता है। नौ देवियों स्कंदमाता का भी वर्णन मिलता है, जिनकी गोद में स्कंद कुमार बैठे होते हैं। भगवान स्कंद की पूजा करने से सभी प्रकार के रोग, दोष, काम,



क्रोध, मद, लोभ आदि मिट जाते हैं। आषाढ़ स्कंद षष्ठी का शुभ मुहूर्त

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, स्कंद षष्ठी के लिए जरूरी आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि 30 जून को है इसलिए आषाढ़ स्कंद षष्ठी 30 जून को मनाया जाएगा।

आषाढ़ स्कंद षष्ठी व्रत के लाभ

पंडितों के अनुसार जो लोग संतानहीन हैं, उनको स्कंद षष्ठी का व्रत रखकर भगवान कार्तिकेय की पूजा करनी चाहिए, उनके आशीर्वाद से संतान की प्राप्ति हो सकती है। अगर आपके जीवन में धन और वैभव की कमी है तो आपको भी स्कंद षष्ठी का व्रत रखना चाहिए, आप पर माता लक्ष्मी की कृपा होगी। स्कंद कुमार के साथ भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है, इस बार स्कंद षष्ठी गुरुवार को है और गुरुवार विष्णु पूजा के लिए समर्पित है। ऐसे में स्कंद षष्ठी पर विष्णु जी और स्कंद कुमार की पूजा का सुंदर संयोग बना है, दोनों की साथ में पूजा करने से आपके कार्य सफल होंगे और जीवन में सुख और समृद्धि आ सकती है। संतान की लंबी आयु और शत्रुओं को पराजित करने के लिए भी स्कंद षष्ठी का व्रत रखा जाता है।

जानें भगवान स्कंद के बारे में

भगवान स्कंद शक्ति के अधिदेव हैं। ये देवताओं के सेनापति भी कहे जाते हैं। इनकी पूजा दक्षिण भारत मे सबसे ज्यादा होती है। यहां पर ये मुरुगन नाम से भी प्रसिद्ध है। भगवान स्कंद हिंदू धर्म के प्रमुख देवों मे से एक हैं। स्कंद को कार्तिकेय और मुरुगन नामों से भी पुकारा जाता है। दक्षिण भारत में पूजे जाने वाले प्रमुख देवताओं में से एक भगवान कार्तिकेय शिव पार्वती के पुत्र हैं। कार्तिकेय भगवान के अधिकतर भक्त तमिल हिन्दू हैं। इनकी पूजा खासतौर से तमिलनाडु और भारत के दक्षिणी राज्यों में होती है।

## सेहत

### जल्द करना चाहते हैं वेट लॉस तो कौन सी एक्सरसाइज ज्यादा फायदेमंद

वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है। **रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर** : वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है। जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है। जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# दस्ता कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी बढ़ाएगा : उपायुक्त

बाइकों का उपयोग नियमित पेट्रोलिंग के साथ-साथ विशेष अवसरों पर भी किया जाएगा : एसपी

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण व रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विशेष बाइक दस्ता का गठन किया गया है। इसी क्रम में आज उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया। जिसमें नवप्राप्त सोलह अपाची चार रॉयल एनफील्ड बाइक गश्ती बाइकों के माध्यम से शहर में शक्ति प्रदर्शन किया गया।दो पहिया पेट्रोलिंग वाहन को आज समाहरणालय परिसर साहिबगंज में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया।फ्लैग मार्च समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर अंजुमन नगर मार्ग, रसूलपुर मार्ग एल सी रोड कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक मार्ग होते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया गया एवं यह सुनिश्चित किया गया कि प्रशासन पूर्णतः सतर्क एवं सजग है।फ्लैग मार्च में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के साथ उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, पुलिस उपाधीक्षक और विभिन्न थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भी बाइक पर सवार होकर हिस्सा लिया। मोबाइल टाइगर दस्ते के जवानों की भागीदारी से यह मार्च अत्यंत अनुशासित एवं प्रभावशाली रहा। जबकि उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह विशेष बाइक क्रय किया।जिससे खासकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील इलाकों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह दस्ता न सिर्फ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी बढ़ाएगा।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि इन बाइकों का उपयोग नियमित पेट्रोलिंग के साथ-साथ विशेष अवसरों पर भी किया जाएगा।जिससे अपराध पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बाइक दस्ते के संचालन की प्रक्रिया एवं तत्परता पर भी संतोष व्यक्त किया।



## कौड़ी खुटाना मैदान में प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता



संवाददाता

**साहिबगंज/मंडरो:** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्कूल शिक्षा साक्षरता विभाग के आदेश के आलोक में मंगलवार को कौड़ी खुटाना मैदान में प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद एहसान अहमद ने किया सर्व प्रथम कार्यक्रम का उदघाटन कौड़ी खुटान पंचायत की मुखिया अनीता हेंब्रम प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद एहसान अहमद बीआरपी क्लेमेंट सोरेन आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । इसमें प्रखंड की कुल 11 टीम ने भाग लिया । इसमें अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय तेतरिया की टीम को 3 के मुकाबले 4 गोल से हराया । अंडर 15 बालक वर्ग एवं अंडर 17 बालक वर्ग में वन प्रवासी भगैया ने बाजी मारी।विजेता टीम 3,4 एवं 5 जुलाई को होने वाली ज़िला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।इस अवसर पर सीआरपी अब्दुल रउफ मोहम्मद इजहार आलम शिक्षक दीपक कुमार कमल नयन मोहम्मद शहाबुद्दीन सुमित किस्कू सुशील सोरेन सिमोन बेसरा मनोज कुमार पंडित अरुण कुमार कुशवाहा राकेश कुमार रंजन सफलतापूर्वक खेल संपन्न करने में अहम।भूमिका निभाई।विजेता एवं उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र के साथ साथ सभी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया गया ।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार जेल



साहिबगंज/उधवा :राधानगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को कुसमा गांव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार यह मामला रांगा थाना क्षेत्र के ग्राम शहरी की एक पीड़िता से जुड़ा है। पीड़िता ने न्यायालय में परिवाद दायर कर बताया था कि कुसमा निवासी छोटू किस्कू ने उससे शादी का झूठा वादा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायालय के निर्देश पर राधानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 249/50 के तहत छोटू किस्कू के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटू किस्कू को कुसमा गांव से धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की छानबीन कर रही है।

# बरहरवा नगर पंचायत सड़क में नाला और नाले में सड़क

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा**:-साहिबगंज जिला अंतर्गत बहुचर्चित नगर बरहरवा नगर पंचायत जो ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने सालो बित गए परन्तु बिकास की मुख्यधारा से जुड़ना के लिए अभी भी तरसती नजर आती है।हल्की बारिश होने के बाद यहाँ की जनसमस्याओं में जैसे लोग अपनी जिंदगी घिसडते नजर आते है।चाहे बरहरवा रेल फाटक की समस्या हो या सड़को और नालो के साथ गंदगी की वर्तमान में सभी में अवल्ल रहने वाला नगर पंचायत बरहरवा है। बरहरवा सब्जीमंडी सिनेमाहॉल रोड जो बरहरवा नगर पंचायत शहर की सबसे प्रमुख सड़को में से एक है?।जहाँ पूर्व में सड़क तो बनी लेकिन केवल खानापूर्ति के लिए जिसमें गुणवत्ता की बात करें तो शर्म आ आये सालो से इस सड़क आज तक बरसात के पानी की निकासी की समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है।जिसके अनुरूप परिणाम ये है कि हल्की सी बारिश हो जाये तो सड़क नाले में तब्दील हो जाती है।जिसका जीता जागता सबूत तस्वीरों में देख सकते है।चाहे स्थानीय जनप्रतिनिधि हो या पदाधिकारी के वाहन सभी का इसी सड़क से रोजाना आवागमन होता है।लेकिन समाधान के लिए कोई आगे नहीं आता आखिर क्यों,जब लोगों से नगर पंचायत टैक्स कर नियमों के अनुसार वसूली जाती है तो सुविधा और बिकास के नाम पर सारे नियम और दावे क्यों फेल हो जाते है ये समझ के परे है।स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़क में वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है,इसी सड़क में सब्जीमंडी भी है। जहाँ ब्यापरिक गतिविधियां सुबह से शुरू हो जाती है।गरीब रेडी और दुकानदारों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जो विधि व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़ी करती है,इसी सड़क में सरकारी और प्राइवेट स्कूल भी है,बच्चों और छात्रों को भी इस नालानुमा सड़क के तालबी रूपरेखा को पार कर स्कूल जाना पड़ता है,सड़क में जलजमाव इतनी है कि सड़क के खड्डों का भी पता नहीं चलता है ऐसे में दुर्घटना को तो रोजाना निमंत्रण दे रही है ये सड़क ऐसे में आम जनमानस के मूलभूत सुविधाओं का हनन न कहा जाए तो और



## भाजपा पूरे झारखंड में अपना जनाधार खो चुकी है : राजाराम

संवाददाता

**साहिबगंज**: झामुमो जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी प्रेस बयान जारी कर कहा है कि झारखंड में अपनी जमीन खो चुकी भाजपा अब अमर शहीद सिदो कान्हू के वंशज के नाम पर गंदी राजनीति कर राज्य को अशांत करने की साजिश रच रही है।उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर 23 जून को एक पोस्ट कर अपने गंदे इरादे को पहले ही साफ कर दिया था।उन्होंने अपने पोस्ट में हूल दिवस पर 30 जून को भोगनाडीह में संताल हूल 2 में लोगों को आमंत्रित किया था।सच्चाई यही है।कि भाजपा पूरे झारखंड में अपना जनाधार खो चुकी है। भोगनाडीह की घटना भाजपा की गंदी मंशा को साफ कर देती है।उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भाजपा नेता व पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम वंशज परिवार से मिलने मंगलवार को भोगनाडीह जाने की बात मीडिया से कही है।श्री मरांडी ने कहा की लोबिन हेम्ब्रम को यह साफ करना चाहिए कि वे भाजपा नेता मंडल मुर्मू के अलावा वंशज परिवार के और किन-किन सदस्यों से मुलाकात की है। सच्चाई यही है कि वंशज परिवार में मंडल मुर्मू को छोड़ परिवार के सारे सदस्यगण एक तरफ हैं और हूल दिवस पर 30 जून को भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन के मंच पर मौजूद थे।इसकी तस्वीर भी आज सारे मीडिया में आई है।



## 12 किसानों के बीच 100% अनुदानित बीज वितरित

सतबरवा : पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के बोहिता पंचायत के 12 किसानों के बीच मंगलवार को मक्के का बीज वितरित किया गया। प्रखंड परिसर में कार्यक्रम कर बीज वितरण किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सरकार ने कृषि कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12 किसानों को 100% अनुदान पर मक्का बीज उपलब्ध कराया गया है। झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के निर्देश पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की पलामू यूनिट की देखरेख में बीज वितरण किया गया। बीटीएम वरुण सिंह यादव ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता अलाउद्दीन अंसारी और कृषक मित्र कृष्ण यादव ने किसानों की पहचान की। चार किलोग्राम बीज का बैग, प्रत्येक किसान को दिया गया है। किसान सुरेंद्र ठाकुर, विश्वनाथ मांझी, मो. मुस्ताक, जीरा देवी, मो.सगीर, रामाशीष राम आदि मौके पर मौजूद थे।

## भारतीय स्टेट बैंक का 70 साल बेमिसाल रहा : संजय चौधरी

संवाददाता

**साहिबगंज:** शहर के चौक बाजार स्थित एसबीआई मुख्य शाखा में मंगलवार को अपना 70 वां स्थापना दिवस मनाया गया।मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक संजय चौधरी और उप शाखा प्रबंधक त्रिवेणी चंद्र राय ने ग्राहकों को मुंह मीठा कराया गया।वही मुख्य बधिर स्कूल में बच्चों के बीच आम मुड़ी का पैकेट दिया। जबकि जैप 9 में दो कुलर वितरण किया गया।साथ ही बैंक कर्मियों ने निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यो का निर्वाह करने को लेकर शपथ लिया. वही मुख्य शाखा प्रबंधक संजय चौधरी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक का 70 साल बेमिसाल रहा।ग्राहकों का प्यार व बैंक कर्मियों का मेहनत ने इस मुकाम पर पहुंचा है।उन्होंने कहा की आगे भी ग्राहकों की सेवा में बैंक तत्पर रहेगी।इस मौके पर उप शाखा प्रबंधक त्रिवेणी चंद्र राय उपप्रबंधक गणेश मुर्मू,कुमार अनिवन,सहित बैंक कर्मी मौजूद थे।



# रांची-वारा  ासी आर्थिक कोरिडोर से बदलेगी पलामू-गढ़वा की तस्वीर : सांसद

संवाददाता

मेदिनीनगर : सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू-गढ़वा जिले का पहला फोरलेन सड़क तीन जुलाई को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जनता को समर्पित करेंगे। 22.73 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 1129.48 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। पूर्व में एनएच-75 के नाम से पहचानी जाने वाली सड़क को नया नाम एनएच-39 दिया गया है। इसे रांची-वाराणसी अन्य आर्थिक कोरिडोर के रूप में फोरलेन में अपग्रेड किया जा रहा है। इसके सभी चरणों का काम पूरा हो जाने पर पलामू और गढ़वा जिले का नक्शा बदल जाएगा। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार की सुबह में अपने मेदिनीनगर आवास पर पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व अन्य नेताओं के साथ प्रेस वार्ता कर बताया कि रांची-वाराणसी अन्य आर्थिक कोरिडोर का रांची-कुडू खंड का निर्माण हो चुका है जबकि कुडू से विंढमगंज की सड़क को पांच खंड में बांटकर निर्माण किया जा रहा है। चौथे खंड अर्थात पलामू के शंखा से गढ़वा के खजुरी तक के खंड का निर्माण पूरा हो गया है जिसका लोकार्पण तीन जुलाई को होगा। 41.06 किमी लंबे पांचवे खंड अर्थात खजुरी से विंढमगंज खंड का निर्माण 1436.49 करोड़ रुपये से चल रहा है जिसे इसी वर्ष 15 सितंबर तक पूरा कर लेना है। 49.33 किमी लंबी भोगू से शंखा तक के तीसरे खंड का निर्माण 1517.87 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है जिसे इसी साल 9 नवंबर को पूरा कर लेना है। भोगू से उदयपुरा तक 49.94 किमी लंबे दूसरे खंड का निर्माण 1436.80 करोड़ रुपये से किया जा रहा है जिसका निर्माण अलगे साल 9 अक्तूबर तक पूरा करना है। इस खंड का निर्माण भी शुरू हो गया है जबकि कुडू से उदयपुरा तक 38.60 किमी लंबे पहले खंड का निर्माण इसी साल सितंबर में शुरू हो जाना संभावित है। कुडू से विंढमगंज तक 201.66 किमी लंबी सड़क निर्माण में 6775.46 करोड़ रुपये खर्च होगी। इससे गढ़वा, मेदिनीनगर और लातेहार में जाम की समस्या का भी निदान निकलेगा। सांसद ने कहा कि पलामू-गढ़वा में रोजगार के अवसर की घोर कमी है और वे अपने पहले कार्यकाल से ही इसका निदान निकालने के प्रयास में जुटे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम हुए और कई का निर्माण पूरा होने के करीब है। बहुत जल्द रोजगार सृजन के लिए भारत सरकार का कोई बड़ा प्रोजेक्ट भी पलामू को मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में जमीन की उपलब्धता बड़ी चुनौती है। सांसद ने भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, पार्टी के नेता शिवकुमार मिश्र, प्रफुल्ल कुमार सिंह आदि के साथ शंखा-खजुरी सड़क लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।




## न्यूज IN ब्रीफ

### बाल विवाह की कोशिश नाकाम, मंथन टीम और पुलिस ने नाबालिग जोड़े को बचाया

साहिबगंज/उधवा :समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में, बाल संरक्षण कल्याण समिति के तहत काम करने वाली मंथन टीम ने सोमवार को राधानगर थाना क्षेत्र के बाबुटोला में एक नाबालिग किशोरी की शादी रुकवा दी। यह घटना तब सामने आई जब दूल्हा और दुल्हन दोनों के नाबालिग होने की गुप्त सूचना मंथन को मिली। सूचना मिलते ही मंथन के सदस्य तत्काल राधानगर थाना पुलिस के साथ विवाह स्थल पर पहुँचे। पुलिस को देखकर शादी समारोह में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बिना देर किए नाबालिग दूल्हा-दुल्हन को अपने कब्जे में लिया और थाने ले आई। वहाँ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद, जोड़े को मंथन टीम को सौंप दिया गया। मंथन के सदस्यों ने मंगलवार को दोनों नाबालिगों को बाल संरक्षण कल्याण कार्यालय में प्रस्तुत किया, जहाँ आगे की कार्रवाई की जा रही है। मंथन और पुलिस के इस तत्पर और सराहनीय कदम की क्षेत्र में खूब प्रशंसा हो रही है।

### अंगीभूत कॉलेज के इंटर कर्मियों ने वित्त मंत्री को सौंपा मांग-पत्र

**मेदिनीनगर** : झारखंड अंगीभूत इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा की पलामू ईकाई ने मंगलवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री को अंगीभूत कॉलेजों में संचालित इंटरमीडिएट बंद होने के बाद से उत्पन्न परिस्थितियों ने अवगत कराया। साथ ही निदान की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया। मोर्चा ने वित्त मंत्री के समक्ष तीन सूत्री मांगों को रखते हुए अनुरोध किया कि अंगीभूत कॉलेजों के इंटरमीडिएट में कार्यरित सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को समायोजित कराया जाए। अंगीभूत कॉलेज में इंटरमीडिएट कर्मी बेरोजगार नहीं हो इस दिशा में सार्थक पहल की जाए, 12वीं के छात्र-छात्राओं को कम दूरी के प्लस-2 हाई स्कूलों में स्थानांरित की जाए है। वित्त मंत्री ने उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार से मोबाइल से बात कर समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय ने किया। प्रतिनिधि मंडल में खुशबू कुमारी, आशीष कुमार, वेद प्रकाश सिंह, अविनाश पासवान, चित्रलेखा कुमारी, नीलम गुप्ता, दीपक तिवारी, बिनोद मेहता, पप्पु कुमार, जीतेन्द्र उरांव आदि शामिल थे।

### 264 नवनियुक्त चौकीदारों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र



**साहिबगंज**: जिले में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात आज सिद्धो कान्हू सभागार में एक औपचारिक कार्यक्रम आयोजित कर 264 नव-नियुक्त चौकीदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम जिले की विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा प्रशासनिक तंत्र को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत उपस्थित थे। उन्होंने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए नवचयनित चौकीदारों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी भूमिका ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने चौकीदारों से अपेक्षा जताई कि वे ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करते हुए जनता व प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे।

### उच्च विद्यालय सरकंडा परिसर में लगी जलमीनार से सोलर प्लेट चोरी



**साहिबगंज** :जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत प्र०योगीचक जयरामपुर उच्च विद्यालय सरकंडा परिसर में लगी जलमीनार से सोलर प्लेट चोरी हो गई।जिनको कीमत लगभग 25000 हजार बताई जा रही है विद्यालय के प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार चौरसिया ने राजमहल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।उन्होंने बताया कि 29 और 30 जून को विद्यालय छुट्टी था लेकिन जब 1जुलाई को विधालय आया तो देखा कि सोलर पैनल की प्लेट में नही लगा है।तब इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीण और स्थानीय पुलिस को दूरभाष के माध्यम से सूचना दिया गया।आप को बता दें कि 30 जून की रात को चोर विधालय परिसर में लगी सोलर पैनल की प्लेट चोरी कर ले गए है।सोलर प्लेट चोरी होने से स्कूल में विद्यार्थियों को पानी पीने की किल्लत हो गई है।जिनको लेकर परेशानी झेलनी पड़ रही है।विधालय में 300 विद्यार्थी हैं और नवमी कक्षा में एडमिशन जारी है।वहीं विद्यालय के अध्यक्ष सचिव एवं स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना में नाराजगी जताते हुए बताया कि इस तरह का घटना विद्यालय परिसर में होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करें ताकि और भविष्य में इस तरह का घटना ना हो।

### अंग्रेजी हुकूमत के साथ लोहा लिया था : गुरुगोविंद

**साहिबगंज** :विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में ग्राम विकास के क्षेत्रीय प्रमुख और साहिबगंज विभाग सह प्रमुख रमेश कुमार व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता ओंकार व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित किया ।विद्यालय के भैया बहन व आचार्य दीदी को संबोधित करते हुए रमेश कुमार ने बताया कि अपने जिला के संथाल हूल के महानायक सिद्धू मुर्मू कानहू मुर्मू चांद मुर्मू भैरव मुर्मू ने अंग्रेजी हुकूमत के साथ लोहा लिया और भारत माता की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया।गुरुगोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान दिया था।तत्पश्चात रमेश कुमार सुनील पंडित कक्ष षष्ठ की बहन दुर्गा कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण के निमित्त अड़हुल का पौधा लगाया।अतिथि परिचय विद्यालय के आचार्य अमित कुमार ने किया।

### आइसा ने किया नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी का घेराव

**मेदिनीनगर** : ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की पलामू इकाई ने मंगलवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का घेराव किया। शैक्षणिक सत्र 2021-24 के सेमेस्टर-चार के परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका में उचित अंक नहीं दिए जाने सहित कई अन्य शिकायत को लेकर घेराव किया गया। आइसा के पदाधिकारियों ने कहा कि आरटीआई के तहत उत्तरपुस्तिका मांगकर देखी गई। पाया गया कि उत्तर सही होने के बावजूद अंक नहीं दिए गए हैं। यह विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर गैर-जवाबदेह रवैया है। इससे परीक्षार्थी तनाव में हैं। आइसा ने कुलपति से छात्रों के मिलने का निर्धारित समय शाम चार बजे से पांच तक में बदलाव करने की मांग की है। साथ ही आरटीआई के तहत उत्तर पुस्तिका दिखाने का अधिकार से विद्यार्थियों को वंचित किए जाने का भी विरोध किया। प्रदर्शन में शामिल आइसा से जुड़े विद्यार्थियों ने बैकलॉग परीक्षाएं समय पर आयोजित करने, रिजल्ट जल्द प्रकाशित करने, विश्वविद्यालय की लापरवाही से परेशान हुए विद्यार्थियों के साथ न्याय करने आदि की मांग की गई। आइसा के पदाधिकारियों ने बताया कि कुलपति ने विद्यार्थियों से वार्ता कर बैकलॉग की परीक्षा जल्द कराने का आश्वासन दिया। विलंब चल रहे सत्र की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। कुलपति से विद्यार्थियों का मिलने का समय अब दोपहर एक से दो बजे के बीच रखा जाएगा।



मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। इस प्लेटफॉर्म पर वे अक्सर अपने स्टाइलिश लुक शेयर करती हैं। रविवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। यूं तो उन्होंने हफ्तेभर के अपनी फोटोज शेयर की हैं, मगर इसी में एक पोस्टर उन्होंने ऐसा शेयर किया है, जिसने ध्यान आकर्षित किया है।

# मैं गिरी, फिर उठी, आहत हुई, लेकिन जिंदा हूं, मलाइका अरोड़ा ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

मलाइका अरोड़ा ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज शेयर की हैं। वे अपने दोस्तों के साथ पार्टी करती दिख रही हैं। अपना पसंदीदा खाना एंजॉय कर रही हैं। कुछ फोटोज में उनके बेटे अरहान भी हैं। मगर, इन्हीं फोटोज में एक पोस्ट है, जिसमें मजबूत महिलाओं को लेकर एक कोट लिखा है।

### क्रिप्टिक पोस्ट में कही दिल की बात

साझा किए गए पोस्ट के साथ मलाइका ने लिखा है, क्या मजेदार वीक रहा। शुक्रगुजार हूं। इसके अलावा उन्होंने जो एक पोस्टर शेयर किया है, उस पर लिखा है, मैं गिरती हूं, उठती हूं, गलतियां करती हूं, जीती हूं, सीखती हूं, मैं आहत हुई, लेकिन मैं जिंदा हूं। मैं इंसान हूं, मैं परफेक्ट नहीं हूं, लेकिन मैं आभारी हूं। मुझे भरोसा है, मुझे विश्वास है। मैं एक पैर दूसरे के आगे रखना जारी रखूंगी, क्योंकि मजबूत महिलाएं यही करती हैं।

में रहा। उम्र के अच्छे-खासे फासले के बावजूद दोनों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग रही। हालांकि, दोनों का अब ब्रेकअप हो चुका है और दोनों अब अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं।

# बहन सोनाक्षी सिन्हा 'निकिता रॉय' के लिए परफेक्ट: कुश सिन्हा

**फिल्म** निर्माता कुश सिन्हा ने अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'निकिता रॉय' में बहन सोनाक्षी सिन्हा को मुख्य भूमिका में चुनने की वजह बताई। कुश ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय पूरी तरह से सोनाक्षी के टैलेंट और योग्यता पर आधारित था। बातचीत में कुश ने बताया, मेरे लिए सोनाक्षी इस किरदार के लिए सबसे सही थीं। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और अभिनय की विविधता कमाल की है। उनकी फिल्में 'अकीरा', 'लुटेरा' और 'दबंग' में उनका काम देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनके पास कमाल के एक्टिंग स्किल्स हैं। वह किरदारों में गहराई से उतरती हैं और स्क्रीन पर शानदार तरीके से निभाती हैं। उन्होंने आगे बताया कि शुरू से ही उन्हें यकीन था कि सोनाक्षी 'निकिता रॉय' के किरदार को जीवंत कर देंगी, वह इस रोल के लिए परफेक्ट हैं। फिल्म 'निकिता रॉय' को निर्देशित करने की प्रेरणा के बारे में कुश ने कहा, मुझे इसकी कहानी ने आकर्षित किया। यह कहानी नई है, जो दर्शकों को बांधे रखेगी। फिल्म के हर एक किरदार जैसे निकिता रॉय, जॉली, अमरदेव और फ्रेया में कुछ न कुछ बेहद खास है, जब किरदार मजबूत होते हैं, तो कहानी अपने आप दमदार बन जाती है। यही इस प्रोजेक्ट को खास बनाता है। स्क्रिप्ट राइटर पवन कृपालानी का जिक्र करते हुए कुश ने फिल्म बनाने में सबसे बड़ी चुनौती के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, सबसे मुश्किल काम स्क्रिप्ट को बेहतर बनाना था। पवन कृपालानी ने शानदार स्क्रिप्ट लिखी, लेकिन हमें इसे और गहरा करना था।





# पत्नि जेनेलिया की फिल्म सितारे जमीन पर की कमाई से गदगद हुए रितेश

**रितेश** देशमुख शुरू से ही फिल्म सितारे जमीन पर का प्रमोशन कर रहे हैं। इसमें उनकी पत्नी जेनेलिया ने अहम किरदार निभाया है। अब रितेश ने अपनी पत्नी को बाइको बुलाया है।

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी काफी मशहूर है। दोनों अक्सर सोशल मीडिया रील बनाते हैं और एक दूसरे की तारीफ करते हुए नजर आते हैं। रितेश देशमुख इन दिनों जेनेलिया जिसूजा की फिल्म सितारे जमीन पर का प्रमोशन कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर रितेश देशमुख ने अपनी पत्नी को बाइको बुलाया है और उनकी फिल्म की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

**जेनेलिया ने पति को दिया जवाब**

रितेश देशमुख की पोस्ट पर जेनेलिया ने जवाब दिया है। उन्होंने लिखा कि यह सब मेरा है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि तुम मेरे पास हो रितेश।

मैं बस यही कहना चाहती हूं। रितेश देशमुख की पोस्ट पर अभिनेता सुनील शेट्टी ने लाल दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। भाग्यश्री ने लिखा है। बहुत अच्छी तस्वीर है। भगवान आपको सुरक्षित रखे।

### रितेश देशमुख ने पत्नी को कहा बाइको

रितेश देशमुख ने रविवार को इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूजा और बच्चों के साथ एक बेहतरीन पोस्ट शेयर की है। तस्वीर में सभी लोग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए रितेश देशमुख ने लिखा सितारे जमीन पर के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और इसकी समीक्षा से खुश हूं। मैं खुश हूं और गर्व है कि मैं आपका पति हूं। आपको शुभकामनाएं बाइको जेनेलिया।

# अनुपम खेर ने कश्मीरी व्यंजनों की 'खासियत' के बारे में बताया

**अभिनेता** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' को लेकर उत्साहित हैं। इस बीच उन्होंने बात की। बातचीत में उन्होंने कश्मीरी व्यंजनों से जुड़ा एक पुराना किस्सा सुनाया। उन्होंने उस समय को याद किया, जब उन्होंने साल 2006 में बनी फिल्म 'खोसला का घोसला' की शूटिंग के दौरान अभिनेता विनय पाठक को कश्मीरी व्यंजनों से परिचित कराया था। पुरानी यादों को ताजा करते हुए अनुपम खेर ने आईएएनएस को बताया, मैंने विनय के सामने कश्मीरी व्यंजन पेश किया और उन्होंने मुझसे कहा 'कश्मीरी खाना ऐसा होता है?' मैंने कहा 'हां'। मैंने उन्हें यह व्यंजन पेश किया और मैं बहुत खुश हुआ।

उन्होंने आगे बताया, कश्मीरी खाने की खासियत यह है कि इसमें टमाटर, प्याज और लहसुन नहीं होता। फिर भी यह बहुत स्वादिष्ट होता है, लेकिन इस तरह से भारत, खाने के मामले में बहुत समृद्ध देश है। हर 500 किलोमीटर के बाद आपको नया खाना मिलता है, गुजराती, मराठी और तरह-तरह की थालियां। इससे पहले विनय ने आईएएनएस से कहा था, मुझे याद है, अनुपम ने मुझे पहली बार कश्मीरी खाने से परिचित कराया था। मैं शाकाहारी हूं, इसलिए मैंने सोचा, कश्मीरी खाना मेरे लिए नहीं है। उन्होंने मुझसे कहा, तुम्हारे लिए एक ट्रीट है। हम तुम्हें एक जगह ले चलेंगे और उन्होंने मुझे दिल्ली में कश्मीरी खाने की एक जगह से परिचित कराया और मुझे कश्मीरी खाने से मानो प्यार हो गया। हम अपने शॉट देने के लिए अपने क्विज बेस्ड गेम को छोड़ देते थे। कभी-कभी हम 20 सवाल खेलते थे। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत, अनुराग बसु प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से निर्मित 'मेट्रो... इन दिनों' का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु ने किया है। फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# गैंग्स ऑफ वासेपुर की शूटिंग थी मुश्किल, ऋचा चड्ढा ने किया खुलासा

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने कहा है कि अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर की शूटिंग काफी मुश्किल थी। यह फिल्म, अब एक मशहूर क्लासिक बन चुकी है और रविवार को अपने 13 साल पूरे कर चुकी है। ऋचा ने अपने इंस्टाग्राम पर गैंगस्टर ड्रामा से पर्दे के पीछे की कुछ झलकियां साझा कीं। तस्वीरों के साथ, उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर के पुराने होने के बारे में एक भावुक नोट भी लिखा। ऋचा ने लिखा, गैंग्स ऑफ वासेपुर को 13 साल मुबारक! तुम आज भी शानदार हो। काश, मैं दुनिया के लिए भी यह कह पाती। आज के समय में तुम जैसी फिल्म शायद न बन पाए। कौन जोखिम लेगा दो हिस्सों वाली इतनी बड़ी कहानी बनाने का, जो अवैध कोयला खनन की पृष्ठभूमि में पीढ़ियों की हिंसा दिखाए? खुशी है कि तुम हो! तुमसे प्यार है। सोहिल शाह और पूरी टीम को प्यार, यह फिल्म बनाना आसान नहीं था।

इससे पहले मनोज बाजपेयी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गैंग्स ऑफ वासेपुर के कुछ दमदार दृश्यों का एक वीडियो संकलन पोस्ट किया था। बाजपेयी ने कहा कि यह फिल्म हमेशा के लिए भारतीय पंथ सिनेमा को आकार देने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने लिखा, हजरत, हजरत, हजरत! 13 साल पहले, वासेपुर ने भारतीय सिनेमा को फिर से परिभाषित किया। कोयला, अपराध और पंथ संवादों की एक गाथा जो अभी भी स्क्रीन और सड़कों पर गूंजती है। एक प्रोजेक्ट से अधिक, यह इतिहास का एक क्षण बन गया, जिसने भारतीय पंथ सिनेमा को हमेशा के लिए आकार दिया। ऋचा और बाजपेयी के साथ फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, पंकज त्रिपाठी, जयदीप अहलावत, हुमा कुरेशी, पीयूष मिश्रा और तिग्मांशु धूलिया सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं। गैंग्स ऑफ वासेपुर धनबाद के कोयला माफिया (माफिया राज) के सत्ता संघर्ष और अपराधी परिवारों के बीच टकराव की कहानी है। इसका पहला भाग 22 जून 2012 को जारी किया गया था और दूसरा भाग 8 अगस्त 2012 को जारी किया गया था।





# मुश्किल में साउथ के एक्टर विजय देवरकोंडा

अभिनेता विजय देवरकोंडा मुश्किल में आ गए हैं। उनके खिलाफ कथित तौर पर आदिवासी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी के आरोप में शिकायत दर्ज की गई है।

अभिनेता विजय देवरकोंडा मुश्किल में आ गए हैं। उनके खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की गई है। इल्जाम है कि वियज देवरकोंडा ने कथित तौर पर आदिवासी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी की।

### रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई शिकायत

यह शिकायत ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ ट्राइबल कम्युनिटी के अध्यक्ष नेनावथ अशोक कुमार ने दर्ज कराई है। उन्होंने दावा किया कि फिल्म रेट्रो के प्री-रिलीज कार्यक्रम के दौरान देवरकोंडा की टिप्पणियां आपत्तिजनक थीं। इनसे आदिवासी समुदाय का अपमान हुआ। साइबराबाद के रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में देवरकोंडा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।

### विजय देवरकोंडा ने की विवादित टिप्पणी

आपको बता दें कि हैदराबाद में रेट्रो फिल्म के प्रमोशन के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में विजय देवरकोंडा को मुख्य अतिथी के तौर पर बुलाया गया था। उस वक्त कश्मीर के पहलगाम में हमला हुआ था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद चर रहा था। ऐसे में विजय पाकिस्तान के खिलाफ बोल रहे थे। इसी कड़ी में उन्होंने विवादित टिप्पणी करते हुए कहा जैसे पहले आदिवासी कबीले लड़ते थे, वैसे ही अब भारत और पाकिस्तान लड़ रहे हैं। यह बात संगठन ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ ट्राइबल कम्युनिटी को पसंद नहीं आई।

### रेट्रो के बारे में

फिल्म रेट्रो कार्तिक सुब्बाराजू द्वारा निर्देशित और सूर्या द्वारा अभिनीत फिल्म है। यह फिल्म 1 मई को रिलीज हुई थी। इसमें पूजा हेगड़े ने नायिका की भूमिका निभाई थी। फिल्म का प्री-रिलीज इवेंट 26 अप्रैल को हैदराबाद में आयोजित किया गया था।

### आदिवासी संगठन हैं नाराज

संगठन ने विजय की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे आदिवासियों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा आदिवासी समुदाय का हजारों साल पुराना समृद्ध इतिहास है। पर्यावरण संरक्षण में उनकी विशेष भूमिका है। उन्होंने मांग की है कि अभिनेता बोलते समय तथ्यों पर विचार करें।

विजय देवरकोंडा की टिप्पणियों को लेकर आदिवासी और जनजातीय समूहों ने पूरे राज्य में आंदोलन किया है। कई जगहों पर पुलिस को शिकायतें मिली हैं। अब रायदुर्गम पुलिस ने विजय देवरकोंडा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बनारस की बेटी ने अमेरिका में बढ़ाया मान, वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में जीता गोल्ड



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के राजातालाब में बढ़ैनी खुर्द गांव की ममता पाल ने जिले का मान बढ़ाया है। ममता ने अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में इतिहास रच दिया है। ममता ने 5000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। ममता इस समय उत्तर प्रदेश मार पाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार पटेल, डॉ राजेश पाल, डॉ राकेश पाल, पप्पू पाल और ग्रामीणों ने ममता के घर पहुंचकर फोन पर बात कर उन्हें और परिजनों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ममता के माता-पिता की आंखों में जहां खुशी के आंसू दिखे वहीं, गांव के लोग भी ममता की सफलता पर गदगद दिखे। ममता के पहले कोच डॉ. आर.के. पाल ने बताया कि ममता की शुरूआती ट्रेनिंग गांव के सरदार पटेल इंटर कॉलेज के मैदान में हुई थी। उन्होंने बताया कि ममता हमेशा से ही मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी रही है। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने जुनून और संघर्ष के बल पर यह मुकाम हासिल किया। ममता पाल की यह जीत उन युवाओं के लिए प्रेरणा भी है जो छोटे गांवों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने का सपना देखते हैं। ममता ने साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

# विंबलडन 2025: फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ पहले ही दौर में बाहर

**लंदन :** फ्रेंच ओपन 2025 की चैंपियन कोको गॉफ विंबलडन के पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार के साथ टूनामेंट से बाहर हो गईं। अमेरिका की नंबर 2 वरीयता प्राप्त गॉफ को यूक्रेन की गैरवरीय डयाना यास्त्रेम्स्का ने सीधे सेटों में 7-6(3), 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला मंगलवार देर रात को प्रतिष्ठित नंबर 1 कोर्ट पर खेला गया। 21 वर्षीय गॉफ इस हार के साथ ओपन एरा में केवल तीसरी महिला बन गई हैं, जो फ्रेंच ओपन जीतने के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम यानी विंबलडन के पहले दौर में हार गईं। इससे पहले यह दुर्भाग्य जस्टिन हेनेन (2005) और फ्रांसेस्का स्कियावोने (2010) को झेलना पड़ा था। गॉफ के लिए यह मुकाबला बेहद निराशाजनक रहा। उन्होंने केवल छह विनर लगाए, जबकि 29 अनफोर्स्ड एरर किए, जिनमें नौ डबल फॉल्ट शामिल थे। वहीं यास्त्रेम्स्का ने 16 विनर लगाते हुए दबदबे के साथ मुकाबला अपने नाम किया। रोनाल्ड गैरोस की लाल मिट्टी पर कुछ हफ्ते पहले ही गॉफ ने नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इससे पहले उन्होंने 2023 यूएस ओपन में भी खिताब अपने नाम किया था। लेकिन विंबलडन, जहां उन्होंने 2019 में 15 साल की उम्र में वीनस विलियम्स को हराकर सनसनी मचाई थी, उनके लिए अब तक सबसे कमजोर ग्रैंड स्लैम साबित हुआ है। वह यहां अभी तक सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी हैं और पिछले तीन वर्षों में यह दूसरी बार है जब वह पहले ही राउंड में बाहर हुई हैं।

# छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारी बारिश का मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी

**रायपुर, :** समूचे छत्तीसगढ़ में मानसून की सक्रियता को लेकर मौसम विभाग ने विशेष चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज (बुधवार) को सूरजपुर, कोरिया, रायगढ़, बस्तर, कांकेर, बीजापुर, बालोद, धमतरी सहित 16 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात और भारी बारिश की आशंका है। इस अलर्ट के मद्देनजर बस्तर जिले के कलेक्टर एस. हरीश ने जगदलपुर सहित जिले के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। मौसम विभाग ने



अगले तीन दिनों तक राजधानी रायपुर, दुर्ग, भिलाई, अभनपुर, बलौदाबजार, भाटापारा, बिलासपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर समेत कई अन्य जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। एक जुलाई को दोपहर 2:30 बजे तक झारखंड और आसपास के क्षेत्र में बना निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय रहा। यह सिस्टम समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला है. मानसून की द्रोणिका श्री गंगानगर, रोहतक, कानपुर, वाराणसी, झारखंड से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से झारखंड तक एक और चक्रवातीय परिसंचरण प्रभावी है, जो 1.5 से 3.1 किमी ऊँचाई तक फैला है।जिसके प्रभाव से पिछले 24 घंटों में सरगुजा, दुर्ग और बिलासपुर संभागों में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। शंकरगढ़ में सर्वाधिक 16 सेमी, औंधी में 12 सेमी, अंतागढ़ में 9 सेमी और खड़गांव में 8 सेमी वर्षा हुई. इसके अलावा दुर्गकोंदल, मानपुर, रामानुजगंज, पखांजुर, नारायणपुर, चांपा, भानुप्रतापपुर समेत अनेक स्थानों में 4 से 7 सेमी तक वर्षा दर्ज की गई है । प्रदेश में अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर में और न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया।

## पिछले 11 सालों में भारत की जीडीपी दोगुनी हुई, 2030 तक बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : हरदीप पुरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति की है। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो 2014 के 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। पुरी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश ने साहसिक नीतिगत सुधारों, व्यापक सामाजिक कल्याण योजनाओं और मजबूत वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़ दिया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रमुख सामाजिक पहलों का भी उल्लेख किया, जिनमें 27 करोड़ से अधिक नागरिकों को गरीबी से बाहर निकालने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ घरों को मंजूरी देने और जल जीवन मिशन के तहत 15.4 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया कराना शामिल है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया गया है, जिससे समावेशी विकास की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया गया है।

# जिला पलवल में लगातार बढ़ रहा है मूंग का उत्पादन : उपायुक्त

एजेंसी

**पलवल :** धानुका कृषि अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र गांव सिहोल में बुधवार को मूंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर धानुका कृषि अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के चेयरमैन डा. रामगोपाल अग्रवाल, डा. संजीव गुप्ता, एडीजी आईसीएआर, डा. पी.के. चक्रवर्ती, बी.एस. दलाल, बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डा. बी.एस. सहरावत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डा. अनिल सहरावत, प्रगतिशील किसान क्लब के अध्यक्ष बिजेंद्र दलाल सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ एवं रबी की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि



किसान फसल उत्पादन के साथ-साथ फसलों की मार्केटिंग करना भी सीखें, ताकि किसान आर्थिक तौर पर मजबूत बन सके। उपायुक्त ने कहा कि पलवल जिले में मूंग का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। सरकार द्वारा फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। फसल विविधीकरण में एक ही खेत में कई तरह की फसलें उगाना, जिससे एक ही फसल पर निर्भरता कम हो। यह एक ही खेत में विभिन्न प्रकार की फसलें लगाने या फसल चक्र को बदलने की प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य जोखिम को कम करना, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना और किसानों की आय को बढ़ाना है। डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि पलवल जिला में नकली खाद एवं बीज तथा कीटनाशक दवाइयों को बेचने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत एसडीएम की टीम द्वारा दुकानों पर छापेमारी की जाएगी और नकली, खाद, बीज ब दवा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। धानुका कृषि अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के चेयरमैन डा. रामगोपाल अग्रवाल ने मूंग दिवस पर किसानों को दलहन की फसलों के उत्पादन के बारे में जागरूक किया।

# पलवल : इग्नू का उद्देश्य कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देना : डा. धर्मपाल

एजेंसी

**पलवल,:** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने बुधवार को बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) देश में उच्च शिक्षा के लोकतंत्रीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इग्नू के अपने जन-जन तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के मिशन के अनुसार उच्च गुणवत्ता पर जोर देने के साथ-साथ एक लचीली और कम लागत वाली शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षा प्रणाली के माध्यम से जन-जन तक उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इग्नू ग्रामीण, शहरी, जनजातीय क्षेत्रों, शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों, बंदियों, सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के कार्मिकों, घर पर रहने वाले माता-पिता, सशस्त्र सेनाओं और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों, नियोक्ताओं और पहले से कार्यरत लोगों आदि को शिक्षा प्रदान कर रहा है। इग्नू महिलाओं, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुविधा वंचित समूहों, पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के जनजातीय क्षेत्रों तथा कम साक्षरता वाले क्षेत्रों की ओर विशेष रूप से ध्यान दे रहा है। क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। इग्नू की पढ़ाई का तरीका शेष विश्वविद्यालयों से काफी अलग है। इस यूनिवर्सिटी में क्लास रूम टीचिंग मेथड से नहीं पढ़ाया जाता है। यहां की शिक्षा सेल्फ लर्निंग, स्टडी मैटेरियल, काउंसलिंग सेशन, फेस टू फेस और टेली कॉन्फ्रेंसिंग के सिस्टम से होती है। जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए इग्नू में अपार संभावनाएं उपलब्ध है। ऐसे विद्यार्थी इग्नू से बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीएजी), बैचलर ऑफ कॉमर्स (बीकॉम), बैचलर ऑफ कॉमर्स इन एकाउंटेंसी एंड फाइनेंस (बीकॉमए एंड एफ), बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस (बीलिस), बैचलर ऑफ आर्ट्स इन टूरिज्म स्टडीज (बीटीएस) और बैचलर ऑफ सोशल वर्क (बीएसडब्लू) कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी बैचलर ऑफ आर्ट्स ऑनर्स इन इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशलॉजी, इंग्लिश आदि में भी एडमिशन ले सकते है। डा. धर्म पाल ने बताया कि इग्नू लगभग 350 तरह के शैक्षिक, रोजगार मूलक, जागरूकता सृजन करने वाले और कौशल उन्मुखी अध्ययन कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

# बागेश्वर के तरमोली गांव में पेयजल लाइन ठप

एजेंसी

**बागेश्वर :** बागेश्वर तहसील के तरमोली गांव में पिछले 15 दिन से पेयजल लाइन ध्वस्त पड़ी है। ऐसे में बारिश में भी ग्रामीण एक किमी दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। अल्मोड़ा जिले से संचालित इस पेयजल योजना को लेकर लोगों ने जन प्रतिनिधियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि तहसील के अंतिम गांव तरमोली के लिए अल्मोड़ा जिले की इस पेयजल योजना से गांव के 95 परिवार अपनी प्यास बुझा रहे थे। ऐसे में करीब 15 दिन पहले हुई बारिश से सड़क ध्वस्त हो गई है। इसके चलते पेयजल योजना कई जगह से क्षतिग्रस्त हुई। गांव में पीने के पानी का संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीण इसकी शिकायत बागेश्वर जल संस्थान के अलावा अल्मोड़ा में भी कर चुके हैं, लेकिन लाभ नहीं मिला। वहीं इस समय नौले में भी पानी की मात्रा कम होने से परेशानी और बढ़ी है। जिला पंचायत सदस्य चंदन रावत के अनुसार उन्होंने ग्रामीणों की पीड़ा जल संस्थान अल्मोड़ा और बागेश्वर को बता दी है। साथ ही क्षेत्रीय विधायक चंदन राम दास के संज्ञान में भी डाल दिया है। यदि जल्द समस्या नहीं सुलझी तो जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में इसे प्राथमिकता से रखा जाएगा।

# बीएचयू के कान-नाक-गला विभाग की नई उपलब्धि,बच्चे का कॉक्लियर इम्प्लांट किया

एजेंसी

**वाराणसी :** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदरलाल चिकित्सालय के कान, नाक, गला विभाग को नई उपलब्धि मिली है। ? ईएनटी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक प्रोफेसर राजेश कुमार और उनकी टीम ने मिलकर एक दो साल के बच्चे का सफलतापूर्वक कॉक्लियर इम्प्लांट किया । यह बच्चा चार्ज सिंड्रोम से ग्रसित है। प्रोफेसर राजेश कुमार ने बताया कि इस बीमारी में बच्चा जन्मजात सुन और बोल नहीं सकता क्योंकि उसके अंदरूनी कान (श्रवण संरचना) का विकास ही नहीं होता। उन्होंने बताया कि चार्ज सिंड्रोम में सी –कोलोबोमा (आँखों में जन्मजात छेद या दोष),एच –हृदय



दोष (जैसे जन्मजात दिल की बीमारियाँ),ए –कोआनेल एट्रेसिया (नाक के पीछे की नली का बंद होना),आर–विकास और बौद्धिक वृद्धि में देरी,जी– जननांग संबंधी असामान्यताएँ,ई–कान की बनावट में गड़बड़ी या सुनने में कमी है। उन्होंने बताया कि इनमें से कई समस्याओं का इलाज ऑपरेशन के जरिए संभव है। इस बच्चे के कान का ऑपरेशन करके कॉक्लियर इम्प्लांट लगा दिया गया है। अब यह बच्चा 24 घंटे में बाहरी मशीन के माध्यम से आवाज सुन सकेगा और आगे चलकर श्रवण प्रशिक्षण के जरिए बोलना भी सीख पाएगा। शेष बीमारियों का इलाज भविष्य में किया जाएगा। प्रोफेसर राजेश कुमार ने बताया कि ऐसे बच्चे जो जन्मजात सुन और बोल नहीं पाते, या जीवन के किसी भी चरण में किसी कारणवश सुनने की क्षमता खो देते हैं, उनके लिए कॉक्लियर इम्प्लांट एक बेहतर विकल्प है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव, सपाट स्तर पर सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की मजबूती और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, विप्रो, टेक महिंद्रा, टीसीएस और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 1.83 प्रतिशत से लेकर 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, श्रीराम फाइनेंस, नेस्ले, अपोलो हॉस्पिटल और



एशियन पेंट्स के शेयर 3.01 प्रतिशत से लेकर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,398 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,016 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,382 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 93.43 अंक की मजबूती के साथ 83,790.72 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 83,935.01 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इस तेजी के थोड़ी देर बाद ही बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 26.82 अंक की मजबूती के साथ 83,724.11 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 46.50 अंक उछल कर 25,588.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 25,608.10 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 8.05 अंक की गिरावट के साथ 25,533.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली, :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आया। वहीं एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिका में जॉब ओपिनिंग्स के बेहतर आंकड़े आने के बावजूद अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.11% टूट कर 6,198.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 166.84 अंक यानी 0.82% की कमजोरी के साथ 20,202.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 101.42 अंक 0.23% की मजबूती के साथ 44,596.36 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,785.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.04% की सांकेतिक कमजोरी के साथ 7,662.59 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 236.32 अंक यानी एक प्रतिशत लुढ़क कर 23,673.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजार में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.14% की तेजी के साथ 25,693 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,004.26 अंक के स्तर पर और हैंग सेंग इंडेक्स 178.52 अंक यानी 0.74% उछल कर 24,250.80 अंक के स्तर पर पहुंचे हुए हैं। दूसरी ओर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.33% की कमजोरी के साथ 22,479.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.48 प्रतिशत लुढ़क कर 6,882.20 अंक के स्तर तक आ गया है। कोस्पी इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.25% की कमजोरी के साथ 3,050.92 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### उत्तराखंड में 7 जुलाई तक बारिश का अलर्ट, चारधाम यात्रा जारी

**देहरादून :** उत्तराखंड में मानसून सक्रिय बना हुआ है और लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने बुधवार को देहरादून, टिहरी, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। देहरादून में आज सुबह बादलों के बीच धूप और छांव का दौर देखने को मिला। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि प्रदेश में 7 जुलाई तक बारिश का क्रम बना रहेगा।इस बीच बारिश के बावजूद चारधाम यात्रा सुचारु रूप से जारी है। सभी धामों तक यात्री पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा पर निकलने से पहले मौसम की जानकारी अवश्य लें और सतर्क रहें।

### बंगाल बीजेपी में नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी जोरों पर, कल को होगा भव्य स्वागत समारोह

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल बीजेपी में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। साइंस सिटी में गुरुवार को नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भव्य स्वागत समारोह बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसे लेकर पार्टी में हलचल तेज हो गई है । नए अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा अब तक नहीं की गई है लेकिन पूरे कार्यक्रम की योजना एक अज्ञात नेता जिसे पार्टी के अंदर 'एक्स' नाम से संबोधित किया जा रहा है उसके सम्मान में बनाई गई है । राज्य के सभी जिलाध्यक्षों सांसदों और विधायकों को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है साथ ही पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है । कार्यक्रम में केंद्रीय नेता रविशंकर प्रसाद भी मौजूद रहेंगे वहीं मंडल अध्यक्षों को भी समय पर साइंस सिटी पहुंचने के निर्देश जारी किए गए हैं । यह स्पष्ट है कि पार्टी इस कार्यक्रम में कोई कोर कसर नहीं रखना चाहती । हालांकि आमंत्रित सभी नेताओं को भी अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि 'एक्स' वास्तव में कौन है । मंगलवार से कार्यक्रम की तैयारियों में लगे कई वरिष्ठ नेता भी यह अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं कि पार्टी का नया अध्यक्ष कौन होगा। सभी को बस यही जानकारी दी गई है कि गुरुवार को नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा । उत्तर बंगाल के कई नेता मंगलवार रात ही कोलकाता के लिए रवाना हो चुके हैं ,जबकि कुछ अन्य गुरुवार सुबह फ्लाइट से आने वाले हैं। हालांकि वे सभी 'एक्स' को लेकर अटकलों के आधार पर ही कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं । पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि केवल इतना ही बताया गया है कि गुरुवार को साइंस सिटी में नए अध्यक्ष का सम्मान किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों की मानें तो राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य का नाम सबसे प्रबल दावेदार के रूप में आया है। वे इस समय दिल्ली में हैं और हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं । बुधवार को वे केंद्रीय नेता रविशंकर प्रसाद के साथ कोलकाता लौटने वाले हैं। नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन रवि शंकर प्रसाद की अगुवाई में ही होगा।

### साइबर ठगी के मामले में जगद्दल पुलिस की बड़ी सफलता, पीड़ित को वापस मिले पैसे

**बैरकपुर :** बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत जगद्दल पुलिस स्टेशन ने साइबर ठगी के एक मामले में तत्परता और दक्षता का परिचय देते हुए पैंसठ हजार की ठगी गई राशि बरामद कर उसे वास्तविक पीड़ित को सौंप दिया। यह बरामदगी 30 जून को की गई, और पुलिस द्वारा संबंधित धनराशि औपचारिक रूप से बुधवार को शिकायतकर्ता को लौटाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले एक स्थानीय नागरिक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से उनके बैंक खाते से पैसंठ हजार राशि निकाल ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जगद्दल थाने की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी जांच शुरू की। पुलिस ने डिजिटल ट्रांजैक्शन ट्रेस कर ठगी गई राशि को ट्रैक किया और संबंधित बैंक और भुगतान माध्यमों के सहयोग से उसे होल्ड कराकर सुरक्षित किया। बरामद राशि को वापस लौटाने के लिए जगद्दल थाने में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पीड़ित को राशि सौंपी गई। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि यह सफलता पुलिस की समर्पित साइबर सेल टीम और तकनीकी विशेषज्ञों के समन्वय का परिणाम है। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास कर अपनी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। ठगी का शिकार होने पर तुरंत निकटतम थाना या साइबर अपराध शाखा से संपर्क करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### संभव स्टील की स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री, फायदे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली, :** ईआरडब्ल्यू पाइप और स्टील ट्यूब बनाने वाली कंपनी संभव स्टील ट्यूब्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 82 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 110.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी एंट्री 110 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 34 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर कुछ उछल कर 111 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर टूट कर 96.25 रुपये के स्तर तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12 बजे ये शेयर 99.06 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक करीब 20.80 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। संभव स्टील ट्यूब्स का 540 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 77 रुपये से 82 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था। आईपीओ के जरिए 440 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं।

### नारनौल में भगवान कार्तिक जी की मूर्ति को किया खंडित

**नारनौल, :** नारनौल के कुलताजपुर रोड स्थित 12 ज्योतिर्लिंग एवं नौ नाथों के मंदिर में मंगलवार रात्रि को कुछ बदमाशों ने शिवालय में भगवान कार्तिक जी की मूर्ति को खंडित कर दिया, जिसका पता बुधवार को सुबह लगा। आश्रम के महन्त कमलनाथ ने बताया कि इससे पहले भी असामाजिक तत्वों ने नाथ की एक मूर्ति को खंडित कर दिया था लेकिन उस समय हमने सोचा कि बंदर या किसी और की वजह से यह मूर्ति खंडित हुई है। आज दोबारा यही कार्य होने से हमें पूरा संदेह उन लोगों पर है जो पिछले एक माह से हमें परेशान कर रहे हैं और जिसको लेकर एक शिकायत भी पुलिस को दी हुई है। मंदिर में लगे कैमरे में भी उनकी फोटो कैद हुई है। उन्होंने महन्त कमलनाथ को मारने की धमकी भी दी है, जिसकी शिकायत महन्त कमलनाथ ने पुलिस को दी हुई है। उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस से आश्रम की सुरक्षा व असामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। जांच अधिकारी एएसआई संजय कुमार ने बताया कि जल्द ही मूर्ति तोड़ने वाले असामाजिक तत्वों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

न्यूज IN ब्रीफ

## फादरों से लूटपाट और मारपीट करने वाले 5 अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार

**सिमडेगा :** बोलबा थाना के समसेरा चर्च पल्ली में विगत दिनों धर्मगुरुओं पर जानलेवा हमला करते हुए 06 लाख रुपए की लूट करने मामले में सिमडेगा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के 05 अपराधियों को ओडिसा से धर दबोचा।

एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि विगत 09 जून को बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा पल्ली के धर्मगुरुओं पर कुछ अपराधियों ने जानलेवा हमला करते हुए उनसे ₹600000 की लूट कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने

बोलवा थाना कांड सं0-09/2025 के तहत मामला दर्ज करते हुए अपनी अनुसंधान शुरू की। घटना का उद्भेदन हेतु एसपी सिमडेगा के निर्देशन में वरीय डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। अनुसंधान के कम में तकनीकी सहायता एवं गुप्त वं गुप्त सूचना के आधार पर इस कांड में संलिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह के अपराधी दिलीप बरवा, विकास केरकेट्टा, अमित केरकेट्टा, सुनिल लखवा एवं दीपक सिंह की गिरफ्तारी की गयी। इसमें से पुलिस को अपराधी दिलीप बरवा के पास से 9,000 रूपया नगद, हैण्ड ग्लब्स 08 जोड़ा, हैडबैंड 08 पीस, मास्क 08 पीस, जिन्स पैन्ट, सर्ट एक जोड़ा जूता, मोजा एवं मोबाईल फोन मिले हैं। साथ हीं अभियुक्त विकास केरकेट्टा के पास से 5,000 रूपया नगद एवं एक मोबाईल फोन। अभियुक्त सुनिल लखवा के पास से 4,000/- रूपया नगद एवं एक मोबाईल फोन। अभियुक्त अमित केरकेट्टा के पास से 3,000/- रूपया नगद एवं एक मोबाईल फोन। और अभियुक्त दीपक सिंह के पास से एक मोबाईल फोन मिला है।एसपी ने बताए कि इस कांड के एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु झारखण्ड एवं उड़ीसा राज्य के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही है। एसपी सिमडेगा ने इस घटना के उद्भेदन टीम को 20 हजार रुपए का रिवॉर्ड दिया है।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर हुई बैठक

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह की अध्यक्षता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, गरजा, कुलमारा (बांसजोर) एवं सोगड़ा (पाकरटांड़) में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय एकलव्य समिति (उ्छउ) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरोज तिर्की, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सिमडेगा कॉलेज के प्रोफेसर देवराज प्रसाद (ल्डऊ वाणिज्य) व डॉ. दीपक कुमार (ल्डऊ भूगोल) सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में एकलव्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया से योग्य एवं अनुभवयुक्त अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात न हो। उन्होंने समयबद्ध चयन पर जोर देते हुए सरकार के दिशा-निदेशों के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा। परियोजना निदेशक श्रीमती तिर्की ने बताया कि कुल 158 आवेदनों में से स्क्रूटनी के बाद 95 आवेदन योग्य पाए गए, जबकि 3 आवेदन अस्वीकार कर दिए गए एवं 60 आवेदक उळएळ योग्य नहीं थे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योग्य अभ्यर्थियों की मेरिट सूची शीघ्र तैयार कर प्रकाशित की जाए तथा साक्षात्कार की तिथि तय कर उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

## मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान के साथ चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

गुमला : गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के संयुक्त निदेर्शानुसार आज घाघरा थाना के सामने मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह द्वारा किया गया, जिसमें हेलमेट नहीं पहनने वाले कुल 12 वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं रोड सेफ्टी काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें सुरक्षा उपायों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को यह समझाया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न केवल स्वयं की सुरक्षा करता है, बल्कि अन्य यात्रियों की जान की भी रक्षा करता है। जांच के दौरान आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं करने वाले वाहन चालकों से ₹2000 की दण्ड राशि वसूली गई तथा कुछ मोटरसाइकिलों को जब्त कर घाघरा थाना परिसर में रखा गया है। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और साथ ही आमजन को नियमों के पालन के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर अभियान चलाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मोटरयान निरीक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक संस्था प्रेरणा निश्चित तौर पर प्रेरणा है



**बिनय मिश्रा :** सात्विक शर्मा को प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट चक्रधरपुर परिवार की ओर से संस्था का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट चक्रधरपुर के पूर्व छात्र सात्विक शर्मा पिता दिनेश शर्मा (चीफ ब्यूरो , दैनिक जागरण) एवं माता कविता शर्मा (गृहणी) का चयन आईसीआईसीआई बैंक हैदराबाद में डिप्टी मैनेजर के पद हुआ।सात्विक शर्मा 10 वीं में कॉन्सेप्ट पब्लिक स्कूल चक्रधरपुर से 95.4% , 12 वीं विज्ञान में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली, रांची से 94.2% लाकर उत्तीर्ण हुआ। तथा उन्होंने बीटेक सिविल इंजीनियरिंग की शिक्षा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एन ,आई टी , जमशेदपुर से पूर्ण किया । सात्विक शर्मा को कॉलेज से प्लेसमेंट 12 लाख के पैकेज पर आईसीआईसीआई बैंक हैदराबाद में डिप्टी मैनेजर का पद मिला है । वह अपना योगदान 24 जुलाई 2025 को आईसीआईसीआई बैंक हैदराबाद में देगा।

सात्विक शर्मा ने 10 वीं का कोचिंग प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट से किया था। प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट चक्रधरपुर के निदेशक हिमांशु प्रधान , सिद्धार्थ शर्मा सर एवं नेहाल गोप सर ने संयुक्त रूप प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट का प्रतीक चिन्ह देकर सात्विक शर्मा को सम्मानित किया । सभी शिक्षकों ने सात्विक शर्मा के सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# जुलूस केवल पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं : डीसी

संवाददाता

**सिमडेगा :** मुहर्रम पर्व 2025 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, धार्मिक प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

इस वर्ष मुहर्रम का पर्व दिनांक 06 जुलाई को सभी प्रखंडों में मनाया जाएगा। प्रखंड स्तर पर उसी दिन जुलूस निकाले जाएंगे। जबकि सिमडेगा शहरी क्षेत्र में घुरती रथ यात्रा होनेके कारण 07 जुलाई 2025 को सिमडेगा शहर मे जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम का विवरणः सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अनुसार, 06 जुलाई को इस्लामपुर जमजम कंपलेक्स में शाम 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 07 जुलाई को मुख्य जुलूस दोपहर 2:00 बजे मतरामेटा से, 4:00 बजे इस्लामपुर से, तथा शाम 8:00 बजे तक नीचेबाजार, गुलजार गली और महावीर चौक होते हुए इस्लामपुर जमजम कंपलेक्स पहुंचेगा, जहां रात 9:00 से 10:00 बजे तक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जुलूस केवल पूर्वनिर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा समय का सख्ती से पालन हो। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। विशेषकर व्हाट्सएप एवं फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो रहे संदेशों की सतर्क निगरानी की जाएगी।

यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाः मुहर्रम के अवसर पर [06 जुलाई को शाम 3:00 बजे से रात 10:00 बजे तक तथा 07 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे से रात




10:00 बजे तक राष्ट्रीय उच्च पथ पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति या समूह यदि शांति भंग करने का प्रयास करता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। थानों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय स्तर पर शांति समितियों की बैठकें नियमित रूप से करें।

समन्वय एवं तैयारीः उपायुक्त ने हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के प्रतिष्ठित, ईमानदार एवं सम्मानित व्यक्तियों की सूची उनके दूरभाष नंबरों सहित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अखाड़ा आयोजकों एवं वालंटियरों की सूची, मोबाइल नंबरों के साथ संबंधित पदाधिकारियों को सौंपना अनिवार्य किया गया है। उन्हें परिचय पत्र जारी किए जाएंगे ताकि प्रशासनिक कार्यों में सुगमता रहे।

सुविधाएं एवं संसाधनः पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, साउंड सिस्टम, जनरेटर, प्रकाश व्यवस्था एवं दो नियंत्रण कक्ष वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 07 जुलाई को सभी शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

सावधानी एवं अपीलः पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ड्रोन्स एवं सीसीटीवी कैमरों की सहायता से जुलूस की निगरानी की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। प्रशासनिक एवं पुलिस टीम पूरी तरह सतर्क रहेगी और किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डी जे नहीं बजाए जाएंगे वहीं साउंड सिस्टम न्यायालय के गाइड लाइन अनुसार ही बजेगा।झंडे की ऊंचाई पर सत्यापन करा लेंगे।जुलूस में चलंत एम्बुलेंस रहेगी,अग्निशमन वाहन भी रहेगी।यदि जुलूस में कोई बाहरी व्यक्ति या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन को सूचित की जाय

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि मुहर्रम पर्व के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी।

इस दौरान मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में जनप्रतिनिधि,शांति समिति के सदस्य,एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गढ़वा में फोरलेन उद्घाटन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त, डीआईजी ने किया स्थल निरीक्षण

### 3 जुलाई को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन, प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप

बिनय मिश्रा

आगामी 3 जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा गढ़वा के हूर मोड़ में फोरलेन सड़क का उद्घाटन प्रस्तावित है। इसे लेकर सोमवार को पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने कार्यक्रम स्थल और बिरसा मुंडा हेलीपैड का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने गढ़वा एसपी अमन कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा और इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत होगी कि किसी प्रकार की अव्यवस्था की कोई संभावना नहीं रहेगी।



## प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता

**चरपोखरी :** आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रेक्षागृह में में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौका था 12 वर्ष से न्युक्त समाजिक विज्ञान शिक्षिका श्रीमती प्रतिमा कुमारी के स्थानांतरण का। प्रतिमा कुमारी अपने समय काल में बड़ा ही मौलिक रचनात्मक अंदाज में शैक्षणिक परिवर्तन के पक्षधर रही है। ढेरों बदलाव विद्यालय गतिविधि में इन्होंने अपने समय काल में संचालित कर विद्यालय हित को सर्वोपरि रखा है। विद्यालयों में हाल के समय में स्थानांतरण जारी है। लेकिन शिक्षक शिक्षिका ने मिलकर जो संदर्भ गढ़ा है विद्यालयों में वह लोक शिक्षा के लिए बेहतर है। प्रतिमा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल व क्लास रूम हमारे लिए मंदिर जैसा रहा। हमने संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रख खुद को विद्यालय में तपाया है। विधिवत दिप प्रज्वलित होने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने सभा संबोधित करते हुए बोले कि निश्चित रूप से प्रतिमा जी में असिम संभावनाएं हैं। इनके द्वारा सृजित व्यवस्था को कभी स्कूल और छात्राएं भुल नहीं पाएंगे। वहीं शिक्षिका अर्चना कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिमा जी हमेशा बेहतरी के लिए विचार साझा करती रही है। विदाई समारोह में शामिल शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी बारी से संबोधित किया। अपने संबोधन में शिक्षिका अर्पिता यादव, पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी ने कहा यह विदाई नहीं विद्यालय की खिलखिलाहट जो प्रतिमा जी में था उसे हम कैसे पुरा करेंगे। शिक्षक सुनित त्रिपाठी, सुकेश कुमार, मनोज कुमार ने बारी बारी से संबोधित किया। कहा यह एक प्रकृया जिसे मानना होगा, प्रतिमा जी के रिक्त पद को भरना आसान नहीं होगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के तरफ से श्रीमती प्रतिमा कुमारी जी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त गुमला द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए।

जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, भूमि सीमांकन,सरकारी सहायता,आयुष्मान कार्ड निर्गत करने ,रोजगार,दुकान आवंटन,गाय शेड की राशि,भूमि अधिग्रहण की राशि, जमीन ऑनलाइन करने के सम्बन्ध में,चिकित्सा सहायता,आर्थिक सहायता एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त गुमला के समक्ष रखा।

बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमटीपानी के ग्रामीणों का कहना है उक्त गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में सहायिका द्वारा अनियमितता बरती जा रही। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी सहायिका को हटाकर किसी अन्य योग्य महिला को सहायिका बनाया जाए। इस संबंध में उपायुक्त गुमला ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया है। कोटाम निवासी बुधनी उरांव का घर अतिवृष्टि होने से क्षतिग्रस्त हो गया है। इन्होंने उपायुक्त गुमला के समक्ष आवेदन देकर आवास योजना से आच्छादित करने हेतु अनुरोध किया है।

आज जनता दरबार में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो भी सम्मिलित थे। उन्होंने वहां आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिए। इस दौरान राशन पेंशन से संबंधित आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

# पीडीएस दुकानों के रख रखाव व कार्डधारियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश

संवाददाता

**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त गुमला को वरीय पदाधिकारियों द्वारा खाद्य गोदामों के निरीक्षण के क्रम में पाई गई कमियों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस संबंध में उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गोदामों में राशन के रख रखाव एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। बरसात के मौसम में खाद्यान्न का रख रखाव सही से करें, जिससे राशन खराब न हो और जिले के सभी राशन गोदाम एवं पीडीएस दुकानों में साफ-सफाई और स्टॉक के समुचित रख-रखाव सहित उपभोक्ताओं के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों को गोदामों में स्टॉक रजिस्टर, वेट मशीन , सीसीटीवी कैमरा , सड़क की खराब स्थिति, इत्यादि की सभी संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त गोदाम के भवन की स्थिति खराब होने के कारण गोदाम को अन्यत्र शिफ्ट करने



के सम्बन्ध में भी बताया गया , इस संबंध में उपायुक्त ने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि उक्त सभी कमियों को यथाशीघ्र दूर किया जाए। जिससे खाद्य आपूर्ति की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। और राशन कार्डधारियों को सुगमता से राशन प्राप्त हो।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि डीलरों के माध्यम से उचित मूल्य पर खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता बनी रहे एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा गया। उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार जिले के सभी पीडीएस दुकानों में वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे खाद्य आपूर्ति में पारदर्शिता बनी रही।

इस बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला सदर, अनुमंडल पदाधिकारी,बसिया, अनुमंडल पदाधिकारी,चैनपुर, एलआरडीसी,गुमला एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुमला में आयोजित होगी प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता

**गुमला :** गुमला झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2025 के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए प्रमंडल स्तरीय आयोजन की मेजबानी का मौका गुमला जिला को दिया गया है । इस प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक एवं बालिका तथा अंडर 15 में बालक वर्ग की प्रतियोगिता होगी जिसमें गुमला सहित खूंटी, रांची, सिमडेगा एवं लोहरदगा जिले की जिला स्तरीय विजेता टीम भाग लेगी । इस प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में जिले के एडीपीओ ज्योति खलखो एवं सभी बीईओ, बीपीओ तथा सभी खेल शिक्षक की बैठक गुमला प्रखंड सभागार में आयोजित की गई । पूरे खेल के आयोजन किए ग्राउंड के रूप में संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय एवं संत पैट्रिक उच्च विद्यालय के मैदान का चयन किया गया । सर्वसम्मति से सभी के साथ मिलजुलकर सफल आयोजन हेतु संचालन समिति, पुरस्कार समिति, तकनीकी समिति, आवासन समिति, भोजन समिति, चिकित्सा समिति, परिवहन समिति, पंजीयन समिति आदि का गठन करते हुए भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया । साथ ही पूरे खेल के आयोजन में जिला खेल विभाग के समन्वय एवं ओलंपिक संघ एवं रेफरी एसोसियेशन का सहयोग प्राप्त करने का निर्णय लिया गया । साथ ही जिला प्रशासन गुमला के नेतृत्व में विधि व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए चिकित्सा सुविधा हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं प्रसाधन, जल एवं अन्य व्यवस्था हेतु नगरपालिका से समन्वय का निर्णय लिया गया ।राज्य स्तर से इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक दक्षिणी छोटांगपुर प्रमंडल नीलम आईलीन टोप्पो को संरक्षक नामित कर जिले के डीईओ, डीएसई एडीपीओ एवं शारीरिक शिक्षा एवं खेल प्रभाग प्रभारी के अलावे झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन, फुटबॉल खेल संघ सचिव एवं जिले के पांच शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की सदस्यता में आयोजन समिति गठित की गई है।